

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 352

ग्वालियर, रविवार 11 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## खास खबर

### एलिजाबेथ द्वितीय के उत्तराधिकारी के रूप में किंग चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी

**लंदन।** गॉड सेव द राजा के उद्घोष के साथ हजारों लोगों की एकट्ठा हुई भीड़ और परिषद के क्लर्क द्वारा की गई घोषणा के बाद ब्रिटेन में क्वीन के बाद किंग का आगाज हो गया। एलिजाबेथ द्वितीय ने 70 साल तक देश पर शासन किया। जिनके निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी और बड़े बेटे किंग चार्ल्स तृतीय को ब्रिटेन की गद्दी सौंप दी गई। इतिहास में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारित परिग्रहण परिषद के एक ऐतिहासिक समारोह में किंग चार्ल्स तृतीय को औपचारिक रूप से ब्रिटेन का नया सम्राट घोषित किया गया। अपनी मां, महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मौत के बाद 73 वर्षीय पूर्व प्रिंस ऑफ वेल्स को सिंहासन पारित किया गया था और शनिवार के समारोह में लंदन के सेंट जेम्स पैलेस में उनकी औपचारिक घोषणा और शपथ ग्रहण समारोह हुआ। किंग चार्ल्स तृतीय ने अपनी पहली प्रिवी काउंसिल की बैठक आयोजित की और संप्रभुता के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को मानने÷ और अपनी दिवंगत मां के नक्शेकदम पर चलने की घोषणा की। उन्होंने राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में कहा कि वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन से बहुत दुखी हैं और जीवन पर्यंत राष्ट्र की सेवा करने का उनका काम जारी रखूंगा। इससे पहले किंग चार्ल्स ने अपने सबसे बड़े बेटे विलियम और उनकी बहू केट को प्रिंस और प्रिंसेस ऑफ वेल्स की उपाधि से सम्मानित किया था। विलियम चार्ल्स और दिवंगत राजकुमारी डायना के सबसे बड़े बेटे हैं।

### पाकिस्तान में पोलियो टीकाकरण टीम पर हमला, चार पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात हमलावरों द्वारा पोलियो टीकाकरण टीम पर गोलीबारी की गई। जिससे उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहे चार पुलिसकर्मियों की मौत हुई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना टैंक जिले के गुल ईमान इलाके में हुई, जहां अज्ञात बंदूकधारियों ने उस पुलिस वैन पर घात लगाकर हमला कर दिया, जिसमें घर-घर जाकर पोलियो टीकाकरण करने वाली टीम सवार थी।

# बेंगलुरु में स्काई बस चलाने की तैयारी में केंद्रीय मंत्री गडकरी, सड़क जाम और बाढ़ से मिलेगी राहत

**बेंगलुरु।** इन दिनों बेंगलुरु में हुई भारी बारिश के बाद बने बाढ़ के हालात ने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की आईटी सिटी की ओर खींचा था, क्योंकि बेंगलुरु को भारत की सिलिकॉन वैली भी कहा जाता है। देश की अधिकतर बड़ी आईटी कंपनियां और स्टार्टअप्स बेंगलुरु में हैं। सदा चकाचौंध रहने वाला यह शहर बाढ़ से ऐसा त्रस्त हुआ था कि बड़े-बड़े सीईओ अपनी लग्जरी गाड़ियां छोड़कर ट्रैक्टर की सवारी करने को मजबूर हुए। सोशल मीडिया पर भी बेंगलुरु में बाढ़ के दृश्य सर्वाधिक चर्चा का विषय बने थे। ट्रैफिक जाम से परेशान रहने वाले बेंगलुरु शहर की सड़कों पर बाढ़ के पानी में तैरती गाड़ियां खूब मजाक का और राज्य सरकार की किरकिरी का कारण बनी थीं। बता दें कि बेंगलुरु के



आसपास आबादी भी घनी होती जा रही है, जिससे सड़कों पर भीड़ भी बढ़ती जा रही है। इसके बाद लोगों के मन में शंकाएं आना स्वाभाविक है कि यदि फिर से भारी बारिश आ गई तब क्या होगा। लेकिन अब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने समस्या को सुलझाने का फार्मूला बताकर कहा है कि केंद्र सरकार बेंगलुरु में सड़कों पर भीड़भाड़ कम करने के लिए स्काईबस शुरू करने और फ्लाईओवर बनाने के बारे में सोच रही है। गडकरी ने कहा, बेंगलुरु में मौजूदा सड़कों को चौड़ा करना मुश्किल है। इसलिए, हमने दो निर्णय लिए हैं। हम जमीन का अधिग्रहण नहीं करने वाले हैं, लेकिन हम थ्री-डेक या ग्रेड सेपरेटर का निर्माण करने वाले हैं, जैसा कि चेन्नई में किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम बिजली चालित सार्वजनिक परिवहन पर काम कर रहे हैं। तकनीक बहुत बदल गई है। बेंगलुरु में जमीन अधिग्रहण करना मुश्किल है। इसकारण, मैंने फिलीपीन और अन्य देशों की तरह स्काईबस के उपयोग का सुझाव दिया है। गडकरी ने कहा कि उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को बेंगलुरु की स्थिति का अध्ययन करने और शहर के लिए ऐसा ही एक समाधान खोजने के लिए दुनियाभर के विशेषज्ञों से परामर्श करने का निर्देश दिया है।

## राहुल गांधी ने की पादरी पोन्नैया से मुलाकात, बीजेपी-कांग्रेस आमने-सामने

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने 10 सितंबर को विवादित कैथोलिक पादरी जॉर्ज पोन्नैया से मुलाकात की। मुलाकात का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें अपने भड़काऊ बयानों के लिए जाने वाले पादरी पोन्नैया राहुल गांधी को समझाते दिख रहे हैं, कि केवल जीसस क्राइस्ट यानी यीशु मसीह ही एकमात्र वास्तविक भगवान हैं, कोई शक्ति देवी या देवता भगवान नहीं हैं। वायरल वीडियो में विवादास्पद पादरी राहुल गांधी के सामने जीसस क्राइस्ट को असली भगवान बता रहे हैं और हिन्दू देवी-देवताओं को असली गॉड मानने से इनकार करते दिखते हैं। दरअसल, राहुल गांधी पूछते हैं कि क्या जीसस क्राइस्ट भगवान का रूप हैं? क्या यह सही है? इस पर पादरी जॉर्ज पोन्नैया राहुल गांधी को समझाते हैं कि जीसस क्राइस्ट ही असली भगवान हैं, शक्ति या बाकी देवता नहीं हैं। बता दें कि इसके पहले भी जॉर्ज पोन्नैया अपने कई



विवादित बयानों के लिए सुर्खियों में रह चुके हैं। पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ हेट स्पीच देने के मामले में उन्हें मदुरैई से गिरफ्तार किया गया था। राहुल गांधी ने जॉर्ज पोन्नैया से चर्च में जाकर मुलाकात की थी। हालांकि, मुलाकात पर अब भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गई है। राहुल गांधी की पादरी के साथ मुलाकात और हिंदू देवी-देवताओं के अपमान वाले वीडियो क्लिप को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा प्रवक्ता शहजात पूनावाला ने कहा कि यह राहुल गांधी का नफरत जोड़ो अभियान है। आज उन्होंने जॉर्ज पोन्नैया जैसे व्यक्ति को भारत जोड़ो यात्रा का पोस्टर बॉय बनाया है, जिसने हिंदुओं को चुनौती दी, धमकी दी और भारत माता के बारे में अनुचित बातें कहीं। कांग्रेस का हिंदू विरोधी होने का लंबा इतिहास रहा है। वहीं, कांग्रेस ने वीडियो को भाजपा की शरारत बताया है। राहुल गांधी और तमिल पादरी जॉर्ज पोन्नैया के वायरल वीडियो पर कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा की हेट फैक्ट्री एक घटिया ट्वीट वायरल करने का प्रयास कर रही है।

## शराबबंदी का नीतिश का फैसला सही, लेकिन पीएम मोदी का विकल्प नहीं बन सकते : उमा भारती

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम उमा भारती ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उनके राज्य में शराबबंदी लागू करने के लिए सराहना की, लेकिन साथ ही कहा कि



वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकल्प नहीं हो सकते। दरअसल उमा लंबे समय से मध्यप्रदेश में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग कर रही हैं। उन्होंने कहा, नीतीश ने कम से कम अपने राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू करने का साहस दिखाया है। यह पूछने पर कि क्या नीतीश मोदी के विकल्प के तौर पर उभर सकते हैं, उमा ने कहा, वह ऐसा नहीं कर पाएंगे, इसका सवाल ही पैदा नहीं होता क्योंकि मोदी एक अद्वितीय व्यक्ति हैं, इसतरह के व्यक्ति कम ही होते हैं। भारती ने कहा, इसके अलावा, वह (मोदी) भगवान की रचना हैं और लोग उनके साथ हैं। लेकिन कुमार के प्रयासों से विपक्ष मजबूत होगा क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रदेश में शराब की बिक्री में कमी करने की इच्छा का स्वागत किया।

## दक्षिण अफ्रीका से अगले माह भारत पहुंचेगा 12 चीतों का जत्था

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों का एक जत्थे के अगले माह भारत पहुंचेगा। भारत में चीते विलुप्त हो चुके हैं, इसलिए विदेश से चीतों को लाया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका के वन्यजीव विशेषज्ञों का एक दल शुक्रवार को भारत से स्वदेश लौटा है। भारत में इस दल ने उस स्थान का निरीक्षण किया, जहां इन चीतों को रखा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि लिंपोपो प्रांत में वन्यजीव पशु चिकित्सक डॉ. एंडी फ्रेजर



द्वारा चलायी जा रही रूइबर्ग वेटेनरी सर्विसेज में नौ चीतों को पृथक-वास में रखा गया है, जबकि तीन अन्य को क्वाजुलु -नटाल प्रांत के फिंडा गेम अभयारण्य में पृथक-वास में रखा गया है। फ्रेजर ने बताया कि अगले महीने चीतों को भारत ले जाये जाने की संभावना है। वह और दक्षिण अफ्रीका के चीता विशेषज्ञ प्रोफेसर एड्रियन टॉरडिफ भी साथ जायेंगे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि अक्टूबर में किस तारीख को दक्षिण अफ्रीका से ये चीते भारत भेजे जाएंगे। उससे पहले, अगले ही हफ्ते नामीबिया से आठ चीते भारत भेजे जाने की संभावना है। समस्त प्राणियों में चीते को सबसे तेज दौड़ने वाला प्राणी माना जाता है। चीते की गति इतनी अधिक होती है कि वह 40 सेकेंड में 700 गज की दूरी नाप सकता है। इसका अर्थ है यह प्राणी एक घंटे में 70 मील की रफ्तार से दौड़ सकता है।

यद्यपि चीता लम्बी दूरी तक नहीं दौड़ता उसकी गति सामान्यत- शिकार



## न्यूज़ ट्रैक....

### पहलवान दहिया की नजरें विश्व चैंपियनशिप पर लगीं

**नई दिल्ली** । ओलंपिक रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया का लक्ष्य अब आगामी विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। दहिया अभी 10 सितंबर से बेलग्रेड में शुरू होने वाले विश्व चैम्पियनशिप की तैयारियों के लिए रूस में रह रहे हैं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले रवि ने कहा, ‘ एक खिलाड़ी के रूप में मेरे जीवन का एकमात्र लक्ष्य अपने देश का नाम रोशन करना है। मेरा तात्कालिक लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है।% रवि रुस में स्थानीय पहलवानों और कोच के साथ व्लादिकावकाज अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह वही स्थान जहां ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जौरबेक सिदाकोव प्रशिक्षण लेते रहे हैं। पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक विजेता चुके रवि ने कहा, ‘मेरे लिए मेरे प्रशंसकों की उम्मीदें वास्तव में उनका मेरे प्रति प्यार और समर्थन है। मुझे इससे और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है हालांकि मेरे पर किसी भी प्रकार का कोई दबाव नहीं है।

### टी20 विश्व में बेहतर प्रदर्शन है लक्ष्य : विराट

**दुबई** । भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि अब उनकी नजर अगले माह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वपर पर लग गयी हैं। विराट ने कहा कि टीम विश्वकप में अच्छा प्रदर्शन करेगी। टीम को एशिया कप में खेलने से अपनी कमजोरियों को भी पता चला है जिन्हें अब दूर कर लिया जाएगा। एशिया कप से टीम को कई सीख दी मिली हैं। अब हम खेल के सभी पहलुओं में सुधार कर रहे हैं। जो मैच हमारे लिए एशिया कप में अच्छे नहीं रहें हैं उनसे सबक लेते हुए हम विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर-फोर चरण में शतक बनाने के बाद कहा कि वह टीम के नजरिए से सुधार की जरूरत का लक्ष्य लेकर टूर्नामेंट में आए थे। कोहली ने कहा एशिया कप टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत अहम रहा है। इससे हमें नॉकआउट चरणों का अनुभव मिला, हम दबाव की स्थितियों से अवगत हुए। कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में शतक लगाकर लय में आ गये हैं और अब उन्हें विश्वकप में इसी प्रकर के खेल की उम्मीद है।

### एलिजाबेथ के निधन के कारण क्रिकेट सहित सभी खेल स्थगित हुए

**लंदन** । इंग्लैंड में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद शोक के कारण सभी खेल मुकाबलों का आयोजन स्थगित कर दिया गया है। इसमें इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल भी शामिल था। महारानी के निधन का समाचार मिलने के तुरंत बाद ही बीएमडब्ल्यू पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप में दिन का खेल रोक दिया गया। वहीं इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच ओवल में चल रहे तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को खेल नहीं हुआ। इसके अलावा ब्रिटेन में होने वाली घुड़दौड़ और रग्बी मैचों को भी रद्द कर दिया गया है। ब्रिटेन में साइकलिंग टूर के आयोजकों ने कहा कि शुक्रवार को होने वाली सभी दौड़ रद्द कर दी गई है। वहीं प्रीमियर लीग से नीचे की तीन डिवीजन को संचालित करने वाली इंग्लिश फुटबॉल लीग ने कहा कि शुक्रवार की शाम को होने वाले मैचों को रद्द कर दिया गया है।

# यूएस ओपन का भरपूर आनंद उठा रहे दो पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी और कपिल देव

**नई दिल्ली** । क्रिकेट को अपने जीवन में सार्थक करने वाले भारतीय टीम के दो पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव इन दिनों यूएस ओपन 2022 का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। भारत के पूर्व कप्तानों को यूएस ओपन 2022 में आर्थर ऐश स्टेडियम में सितारों से भरी भीड़ के बीच देखा गया था। कपिल और धोनी ने 1983 और 2011 में प्रतिष्ठित आईसीसी क्रिकेट वनडे विश्व कप जीतकर देश को गौरवान्वित किया है।

यूएस ओपन के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें धोनी और कपिल देव स्टेडियम में बैठे हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया गया है, %हैशटैग यूएस ओपन में भारतीय क्रिकेट रॉयल्टी। दो पूर्व भारतीय विश्व कप विजेता कप्तान, धोनी और कपिल देव ने आर्थर ऐश में स्टैंड की शोभा बढ़ाई। इस मैच में दो युवा भविष्य के चैंपियंस 5 घंटे 15 मिनट तक खेले।% यह मुकाबला 19 साल के कार्लोस अल्कराज और 21 साल के जैनिक सिनर के बीच था। 5 सेट तक चले मैच में अल्कराज ने सिनर को 6-3, 6-7, 6-7, 7-5, 6-3 से





हराया। बता दें कि स्टार टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स और राफेल नडाल टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सेरेना विलियम्स ने टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले खेल से संन्यास की घोषणा की थी। वह तीसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया की अजला टोमलजानोविक से हार गईं। खिताब जीतने के प्रबल दावेदार रहे राफेल नडाल, फ्रांसेस टियाफो से हारकर बाहर हो गए। रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच की अनुपस्थिति का भी टूर्नामेंट पर असर पड़ा है। फेडरर लंबे समय से एक्शन से बाहर हैं और उम्मीद है कि जल्द ही वापसी करेंगे। नोवाक जोकोविच को यूएस ओपन में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति नहीं दी गई थी, क्योंकि उनका कोविड-19 टीकाकरण नहीं हुआ था। धोनी की बात करें तो भविष्य के आईसीसी हॉल ऑफ फेमर खेल से अपने ब्रेक का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने आईपीएल की समाप्ति के बाद इंग्लैंड की यात्रा की। उन्हें भारत-इंग्लैंड सीरीज को देखते हुए देखा गया। यूके से लौटने के एक महीने बाद धोनी यूएसए पहुंचे हैं। भारत के पूर्व कप्तान अपनी रिटायरमेंट लाइफ को एन्जॉय कर रहे हैं। महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल 2023 खेलने की पुष्टि हो गई है और वह चेन्नई सुपर किंग्स का नेतृत्व करेंगे। 15 अगस्त 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले धोनी अब सिर्फ आईपीएल खेलते हैं। चूंकि वह अभी भी आईपीएल खेलते हैं, ऐसे में वह किसी विदेशी लीग टीम का हिस्सा नहीं हो सकते हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए पीसीबी ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मैथ्यू हेडन को मेंटार नियुक्त किया

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन आगामी टी20 विश्व कप के लिए मेंटॉर के रूप में पाकिस्तान की मेन्स क्रिकेट टीम में शामिल होंगे। 50 वर्षीय हेडन ने पिछले साल के टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की टीम के बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में काम किया था। पाकिस्तान पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचने में सफल हुआ था। पीसीबी के सीईओ रमीज राजा ने कहा, मैं मैथ्यू हेडन का पाकिस्तान के साथ वापस आने का स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि उनके शामिल होने से हम टी20 विश्व कप में मजबूत दावेदारी पेश करेंगे।



रमीज ने आगे कहा मैं बैंक अल फलाह का आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने एक बार फिर इस नियुक्ति पर हमारे साथ भागीदारी की। हेडन ने अपनी नियुक्ति पर कहा मैं ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम के साथ फिर से जुड़कर बेहद उत्साहित हूं।। मैंने देखा है कि पाकिस्तान एशिया कप में कैसा प्रदर्शन कर रहा है और पाकिस्तान की भारत पर रविवार की जीत शानदार थी। मैं पाकिस्तान के ड्रेसिंग रूम में वापस आने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

पीसीबी ने कहा है कि हेडन 15 अक्टूबर को ब्रिसबेन में टीम से जुड़ेंगे। इसी दिन पाकिस्तान की टीम क्राइस्टचर्च से ब्रिसबेन पहुंचेगी। विश्वकप से पहले पाकिस्तान एक टी-20 सीरीज में भाग लेगा जिसमें बांग्लादेश और मेजबान न्यूजीलैंड की टीम भी खेलेंगी। वहीं, टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 16 अक्टूबर से हो रही है। पाकिस्तान अपने टी20 वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत 23 अक्टूबर को भारत के खिलाफ मेलबर्न में करेगा।

# आईसीसी ने आसिफ और फरीद पर लगाया जुर्माना

**दुबई** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के बल्लेबाज आसिफ अली और अफगानिस्तान के गेंदबाज फरीद अहमद पर जुर्माना लगाया है। यह दोनो खिलाड़ी एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में मैदान पर ही झगड़ने लगे थे। ऐसे में आईसीसी ने दोनों को ही आचार संहिता के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया है। आईसीसी ने इन दोनो पर मैच फीस का 25-25 फीसदी जुर्माना लगाया है। टकराव के बाद आसिफ को एशिया कप से प्रतिबंधित करने की भी मांग उठी थी। आसिफ ने फरीद को मारने के लिए बल्ला तक उठा लिया था।

आईसीसी के एक बयान के अनुसार आसिफ ने आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.6 का उल्लंघन किया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अश्लील, आक्रामक या अपमानजनक संकेत को लेकर है। वहीं फरीद को धारा 2-1 . 12 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। यह खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ, अंपायर , मैच रैफरी या किसी भी व्यक्ति के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान मैच के 19वें ओवर में पाक बल्लेबाज आसिफ और अफगानिस्तान के गेंदबाज फरीद अहमद भिड़ गए। इस ओवर की चौथी गेंद पर आसिफ ने फरीद को छक्का लगा दिया। वहीं अगली गेंद पर ही फरीद ने आसिफ को आउट कर दिया। आसिफ के आउट होने के बाद फरीद ने बल्लेबाज के सामने जाकर आक्रामक तरीके से जश्न मनाया। जिसके बाद आसिफ आक्रामक हो गये और उन्होंने फरीद के ऊपर बल्ला तान दिया। इस दौरान अन्य खिलाड़ियों और अंपायर ने दोनों को अलग किया।



### आईओसी ने भारतीय ओलंपिक संघ को दी अंतिम चेतावनी

**लुसाने** । अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए ) को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि या तो सभी मतभेदों को समाप्त कर चुनाव करायें या प्रतिबंध के लिए तैयार रहें। इससे पहले आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने नरिंदर बत्रा के भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के पद से हटने के बाद से ही किसी भी कार्यवाहक या अंतरिम अध्यक्ष को मान्यता नहीं देने की बात कहीं थी। इसके साथ ही यह भी कहा था कि महासचिव राजीव मेहता से संपर्क किया जाएगा। आईओसी ने भारतीय ओलंपिक संघ को लिखे पत्र में आंतरिक विवादों, शासन की कमियों और अदालती मामलों को देखते हुए अपनी ओर से आगाह किया गया है। इसके साथ ही कहा कि दिसंबर में अगले आईओसी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में भारत की एनओसी के तत्काल निलंबन पर विचार होगा।

## व्यापार न्यूज

### सेबी के स्कोर्स मंच पर मिली 3,236 शिकायतों का हुआ समाधान

**नई दिल्ली** । भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी शिकायत निपटान प्रणाली (स्कोर्स) के जरिये सूचीबद्ध कंपनियों या बाजार मध्यस्थों के खिलाफ मिली कुल 3,236 शिकायतों का अगस्त माह में निराकरण किया गया। इनमें पिछली अवधि में मिली शिकायतें भी शामिल हैं। सेबी की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन महीने की शुरुआत में 3,058 शिकायतें लंबित थीं और अगस्त में 3,292 नई शिकायतें मिलीं। बाजार नियामक के अनुसार ये शिकायतें धनवापसी, आवंटन, निकासी और ब्याज सहित अन्य मामलों से संबंधित थीं।स्कोर्स एक शिकायत समाधान प्रणाली है, जिसे जून, 2011 में शुरू किया गया था। नियामक ने यह भी कहा कि अगस्त, 2022 तक नौ शिकायतें ऐसी थीं, जो तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। इस मंच पर औसतन 25 दिन में शिकायतों का समाधान किया जाता है।

### नजारा टेक्नोलॉजी के शेयर से एक दिन में निवेशक हुए मालामाल

**मुंबई** । गेमिंग और स्पोर्ट्स मीडिया प्लेटफॉर्म नजारा टेक्नोलॉजी का शेयर शुक्रवार को इंट्रा डे में 16 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। सेक्टर में सुस्त मांग के बावजूद इस स्मॉल कैप स्टॉक ने एक ही दिन में कई निवेशकों की चांदी कर दी। दिवगंत राकेश झुनझुनवाला की भी नजारा टेक्नोलॉजी में भी बड़ी हिस्सेदारी थी। कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को नजारा टेक्नोलॉजी का स्टॉक बीएसई पर 11.17 फीसदी की तेजी के साथ 73.95 अंक चढ़कर 736 रुपए पर बंद हुआ। वहीं दिन के दौरान इस शेयर ने 767.05 रुपए का इंट्रा डे हाई लगाया और करीब 15.86 प्रतिशत तक चढ़ा। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप करीब 4839.54 करोड़ रुपए हो गया है। नजारा टेक्नोलॉजी का स्टॉक पिछले साल मार्च में शेयर बाजार में लिस्टेड हुआ था। हालांकि मौजूदा वित्तीय वर्ष में यह शेयर अपने आईपीओ प्राइज बैंड ~1,101 से नीचे ट्रेड कर रहा है, लेकिन इस साल अगस्त के बाद से नज़ारा के शेयरों में काफी तेजी देखने को मिली है और यह रिकवरी की राह पर है। एक महीने के अंदर ही इस स्टॉक में करीब 13 प्रतिशत की तेजी आई है।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 35 प्रतिशत बढ़कर 6.48 लाख करोड़ पहुंचा

### पिछले साल की इसी अवधि के कुल कलेक्शन की तुलना में 35.46 प्रतिशत अधिक है

**नई दिल्ली** । चालू वित्त वर्ष में आठ सितंबर तक व्यक्तिगत आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रह (डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन) 35.46 प्रतिशत बढ़कर 6.48 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। आयकर विभाग के आंकड़ों के अनुसार रिफंड घटाकर डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 5.29 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल इसी अवधि के शुद्ध संग्रह से 30.17 प्रतिशत अधिक है। यह कलेक्शन वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल बजट अनुमान का 37.24 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि एक अप्रैल से आठ सितंबर, 2022 तक 1.19 लाख करोड़ रुपए बतौर रिफंड जारी किए गए। यह आंकड़ा पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 65.29 प्रतिशत अधिक है। विशेषज्ञ का कहना है कि कर संग्रह में जोरदार बढ़ोतरी से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था में तेजी है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही। डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के आठ सितंबर 2022 तक के आंकड़े बताते हैं कि कुल कलेक्शन 6.48 लाख करोड़ रुपए है, जो पिछले साल की इसी अवधि के कुल कलेक्शन की तुलना में 35.46 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) में क्रमशः 25.95 प्रतिशत और 44.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर मद में 14.20 लाख करोड़ रुपए एकत्र करने का अनुमान लगाया है। इसमें कॉरपोरेट कर से 7.20 लाख करोड़ रुपए और व्यक्तिगत करदाताओं से 7.0 लाख करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य है। जीएसटी कलेक्शन का भी आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। वित्त मंत्रालय की जानकारी के मुताबिक लगातार 6 महीने से जीएसटी कलेक्शन 1.4 लाख करोड़ रुपए के ऊपर आ रहा है। अगस्त में भी जीएसटी कलेक्शन जोरदार रहा और ये पिछले वर्ष के अगस्त महीने की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक था। अगस्त 2022 में 1,43,612 करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन किया गया था। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि आर्थिक सुधारों के साथ बेहतर जीएसटी रिपोर्टिंग के कारण जीएसटी राजस्व में सकारात्मक वृद्धि हुई है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2 साल के निचले स्तर पर

**मुंबई** । भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट देखी जा रही है। अगस्त में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। 2 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 560 अरब डॉलर से गिरकर 553.105 अरब डॉलर पर आ गया। इसमें 7.941 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिली। इस समय मुद्रा भंडार 2 साल के निचले स्तर पर आ गया है। ?विशेषज्ञों का कहना है ?कि हालिया गिरावट की मुख्य वजह रिजर्व बैंक द्वारा बड़ी मात्रा में डॉलर की बिकवाली है। रुपए की कमजोरी से निपटने के लिए आरबीआई ने पिछले दिनों यह कदम उठाया जिसका असर मुद्रा भंडार पर दिख रहा है। बीते सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सभी घटकों में गिरावट देखने को मिली है। 26 अगस्त 2022 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 561.046 अरब डॉलर था। इसके अलावा 2 सितंबर को समाप्त सप्ताह मे फॉरेन करेंसी एसेट (एफसीए) 6.527 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 492.117 अरब डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में एफसीए प्रमुख घटक है। पिछले सप्ताह एफसीए 498.645 अरब डॉलर था। इस बीच 2 सितंबर को समाप्त सप्ताह में सोने का भंडार 38.303 अरब डॉलर पर आ गया। इसमें 1.339 अरब डॉलर की गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, एसडीआर 5 करोड़ डॉलर घटकर 17.782 अरब डॉलर हो गया। आईएमएफ में रिजर्व पोजीशन 2.4 करोड़ डॉलर गिरकर 4.902 अरब डॉलर हो गई। जेफरीज ने 6 सितंबर के अपने नवीनतम नोट में कहा था कि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति पर नजर रखने की जरूरत है। विशेषज्ञ के मुताबिक रुपए की कीमत ने रिजर्व बैंक की टेंशन थोड़ी बढ़ा दी है। लिहाजा आरबीआई रुपए की कीमत को नियंत्रित करने के लिए कदम उठा रहा है। इन चीजों का असर मुद्रा भंडार पर दिख रहा है। डॉलर में तेजी की वजह से भारतीय रुपया पर लगातार दबाव बना हुआ है।

### नोएडा में पेट्रोल 16 और डीजल 15 पैसे सस्ता, लखनऊ में महंगा

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। शनिवार को क्रूड ऑयल फिर 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चला गया जबकि तीन-चार पहले ही ये 88 डॉलर तक गिर गए थे। सरकारी तेल कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में देश के चारों महानगरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन यूपी-बिहार के शहरों में इसके दाम बदल गए हैं। यूपी के नोएडा-ग्रेटर नोएडा में पेट्रोल 16 पैसे घटकर 96.76 रुपए लीटर और डीजल 15 पैसे घटकर 89.93 रुपए लीटर पहुंच गया है। लखनऊ में आज पेट्रोल 14 पैसे महंगा हुआ और 96.57 रुपए लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 13 पैसे चढ़कर 89.76 रुपए लीटर बिक रहा है। पटना में पेट्रोल 65 पैसे गिरकर 107.47 रुपए लीटर और डीजल 61 पैसे टूटकर 94.25 रुपए बिक रहा है।दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.76 रुपए और डीजल 89.93 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.47 रुपए और डीजल 94.25 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा: सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी की तेजी रही

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी निवेशकों की लिवाली से बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लगभग लगभग दो फीसदी की तेजी दर्ज की गई। भारतीय शेयर बाजारों में बीते सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हुई और सप्ताह भर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार करते हुए शुक्रवार को तेजी के साथ ही बंद हुए। पिछले सप्ताह के कारोबार पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स 286.36 अंक चढ़कर 59,089.69 पर खुला और 442.65 अंक मजबूत होकर 59,245.98 अंक पर बंद हुआ। जबकि एनएसई निफ्टी 77.9 अंक बढ़कर 17,617.35 पर खुला और 126.35 अंक चढ़कर 17,665.80 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 320.69 अंक चढ़कर 59,566.67 पर खुला और 48.99 अंक की गिरावट के साथ 59,196.99 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 98.85 अंक बढ़कर 17,764.65 पर खुला और 10.20 अंक यानी 0.06 प्रतिशत फिसलकर 17,655.60 अंक पर बंद हुआ।



बुधवार को सेंसेक्स 474.1 अंक गिरकर 58,722.89 पर खुला और 168.08 अंक की गिरावट के साथ 59,028.91 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 171.3 अंक गिरकर 17,484.30 पर खुला और 31.20 अंक की गिरावट के साथ 17,624.40 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 550.73 अंक चढ़कर 59,579.64 पर खुला और 659.31 अंक की मजबूती के साथ 59,688.22 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 156.1 अंक बढ़कर 17,780.50 पर खुला और निफ्टी 174.35 अंक की बत के साथ 17,798.75 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 431.58 अंक चढ़कर 60,119.80 पर खुला और 104.92 अंक की वृद्धि के साथ 59,793.14 पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी 127.2 अंक बढ़कर 17,925.95 पर खुला और 34.60 अंक की बत के साथ 17,833.35 पर बंद हुआ।

### अस्थिर बाजार के चलते म्यूचुअल फंड में गिरावट, पिछले 10 महीने में सबसे कम

**नई दिल्ली** । अस्थिर बाजार के कारण देश की बचत योजना म्यूचुअल फंड में निवेशकों का रुझान कम हो रहा है। दरअसल, घरेलू शेयर बाजार में अस्थिर माहौल के बीच म्यूचुअल फंड में अगस्त में 6,120 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह आंकड़ा पिछले 10 महीने में सबसे कम है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया यानी एम्फी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।हालांकि, इक्विटी म्यूचुअल फंड में सकारात्मक प्रवाह का यह लगातार 18वां महीना था लेकिन पिछले कुछ महीनों में निवेश की गति में गिरावट आई है। एम्फी द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में शुद्ध निवेश जुलाई के मुकाबले कम रहा। जुलाई में 8,898 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। यह आंकड़ा जून में 18,529 करोड़ रुपये और मई में 15,890 करोड़ रुपये था। अगस्त के महीने में अक्टूबर 2021 के बाद से सबसे कम निवेश देखा गया। तब इक्विटी म्यूचुअल फंड में 5,215 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। मार्च, 2021 से इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश का प्रवाह देखा जा रहा है। इससे पहले जुलाई, 2020 से फरवरी, 2021 तक इस तरह की योजनाओं में लगातार 8 महीनों के लिए निकासी देखने को मिली थी। इस दौरान इन योजनाओं से कुल 46,791 करोड़ रुपये निकाले गए थे। बाजार में अस्थिरता बनी हुई है क्योंकि मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। इक्विटी के अलावा, डेट म्यूचुअल फंड में पिछले महीने 49,164 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो जुलाई में 4,930 करोड़ रुपये के निवेश से काफी अधिक है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने जुलाई में 23,605 करोड़ रुपये की तुलना में अगस्त में 65,077 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रवाह दर्ज किया।

## फुकरे 3 के निर्देशक मृगदीप ने शेयर किया एक थैंक्यू नोट



फुकरे अपनी कमाल की कॉमिक टाइमिंग और असाधारण स्टोरी की वजह से इस जमाने की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फिल्म के पहले और दूसरे पार्ट ने लोगों के दिलों पर राज किया है, वहीं अब निर्देशक ने इसके तीसरे पार्ट की शूटिंग भी खत्म कर दी है। हाल ही में फुकरे 3 के निर्देशक मृगदीप लांबा ने अपने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी देते हुए एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट के साथ उन्होंने केक की तस्वीरें भी शेयर की जो उनके सेलिब्रेशन को मार्क करती है। इसका एलान करते हुए, प्रोडक्शन हाउस, एक्सेल एंटरटेनमेंट ने भी अपने सोशल मीडिया पर एक नोट लिखा, जिसमें कहा गया है, इट्स टाइम टू रैप अप । हमारे कैम्पा की बोतलों को टोस्ट के लिए ऊपर उठाएं। फुकरे 3 में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, ऋचा चड्ढा, मनजोत सिंह और पंकज त्रिपाठी हैं। यह फिल्म मृगदीप सिंह लांबा द्वारा निर्देशित और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है।

## आमिर खान ने 'लगान' की स्टार कास्ट के साथ मनाया जश्न



हाल ही में सुपरस्टार आमिर खान ने लगान वन्स अपॉन ए टाइम के 21 साल पूरे होने का जश्न अपने घर मरीना में मनाया। इस मौके को सेलिब्रेट करने की फिल्म की शानदार कास्ट भी उनके घर पर मौजूद थी। बता दें, लगान, जो 15 जून 2001 को रिलीज हुई वह भारतीय सिनेमा में बनी सबसे सफल फिल्मों में से एक है। यह उन तीन भारतीय फिल्मों में से एक है जिसे ऑस्कर्स और अकादमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट किया गया था।

आमिर खान के प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर लगान टीम के इंटिमेट सेलिब्रेशन्स की एक वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में फिल्म का गाना चले चलो बज रहा है और साथ ही पूरी टीम को एक साथ खूब मस्ती करते देखा जा सकता है। लगान आमिर खान और पूरी टीम के लिए एक भावनात्मक महत्व रखती है। महामारी के बीच साल 2021 में स्टार ने फिल्म रिलीज़ के 20 साल पूरे होने के मौके पर एक वर्चुअल गैदरिंग की थी। लेकिन इस बार एवरग्रिन फिल्म का जश्न मनाने के लिए निर्देशक के साथ पूरी स्टार कास्ट एक साथ आई। आशुतोष गोवारिकर से लेकर अखिलेंद्र मिश्रा, ग्रेसी सिंह, यशपाल शर्मा, रघुवीर यादव, राजेश विवेक उपाध्याय, दया शंकर पांडे, राजेंद्रनाथ जुत्शी, राजा अवस्थी, सुहासिनी मुले, प्रदीप राम सिंह रावत, और अमीन गाज़ी के साथ कई और लोगों ने इस पर्सनल गैदरिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस बीच लगान को अब तक सफलता मिल रही है। इंडस्ट्री में हो रही बातचीत की मानें तो, यूके के कई प्रमुख निर्माताओं ने आमिर खान प्रोडक्शंस से फिल्म के राइट्स के लिए रिक्वेस्ट की है और वेस्ट एंड थिएटर के संबंध में जल्द ही आखिरी फैसला लिया जाएगा। बता दें, लगान 1893 में भारत के औपनिवेशिक ब्रिटिश राज के विक्टोरियन काल के अंत में स्थापित एक कहानी है। फिल्म आशुतोष गोवारिकर द्वारा निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शंस

# आनंदी बा और एमिली में मुख्य भूमिका निभाएंगी जैजी बैलेरिनी



अभिनेत्री जैजी बैलेरिनी नए शो आनंदी बा और एमिली के साथ भारतीय टीवी उद्योग में अपनी शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कलाकारों में आनंदी बा की भूमिका में कंचन गुप्ता, एमिली के रूप में जैजी बैलेरिनी और आरव के रूप में मिश्कत वर्मा शामिल हैं। लंदन में जन्मी और पली-बढ़ी अभिनेत्री जैजी ने शो में अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा, मेरे लिए भारत अब मेरा घर है और मैं इतना खुश कभी नहीं रहा। मुझे अविश्वसनीय अनुभवों से भरा जीवन मिला है। अब मैं और भी अधिक भाग्यशाली महसूस करता हूं कि हमारे आगामी शो आनंदी बा और एमिली में ऐसा शानदार अवसर दिया गया है।वह बताती हैं कि कैसे बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ उनकी प्रेरणा है, मुझे अपने सेट पर हर उस व्यक्ति का भरपूर समर्थन मिला है जो मेरे संवादों के साथ मेरी मदद करने के लिए ऊपर और परे गया है।

मैं अद्भुत, प्रेरक लोगों से घिरा हुआ हूं। मेरी ऐसी प्रेरणा कैटरीना कैफ हैं।अभिनेत्री का कहना है, उसने मुझे दिखाया कि यदि आप कड़ी मेहनत करते हैं तो कुछ भी संभव है और मुझे लगता है कि मेरा चरित्र एमिली उससे संबंधित हो सकता है क्योंकि वह भारत आने वाली हैं, हिंदी सीख रही है और एक भारतीय व्यक्ति से शादी कर रही है, इसलिए उनकी कहानियां उस अर्थ में समान हैं।

यह मेरा है नई यात्रा जिसके लिए मैं बहुत उत्साहित हूं।यह एक परिवार में होने वाली अराजकता की कहानी है जब एक फिरंगी बहू परिवार में प्रवेश करती है और आनंदी बा उससे छुटकारा पाने की कोशिश करती है। स्टार प्लस पर 27 जून से आनंदी बा और एमिली आ रही है।

## अभिनेत्रियों के बीच कोल्ड वाइब्स एक गलत धारणा है: जननी



आगामी थ्रिलर फिल्म वेजम में अशोक सेलवन और ईश्वर्या मेनन के साथ मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री जननी का कहना है कि यह धारणा कि एक परियोजना में काम करने वाली दो अभिनेत्रियों में कोल्ड वाइब्स होगी, वास्तव में एक गलत धारणा के अलावा और कुछ नहीं है। अभिनेत्री, जिन्होंने हाल ही में वेजम टीम द्वारा बुलाई गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया, ने कहा, आमतौर पर यह गलत धारणा है कि एक प्रोजेक्ट में एक साथ काम करने वाली दो अभिनेत्रियों के मन में कोल्ड वाइब्स होगी। यह असत्य है। ईश्वर्या और मैं दोनों एक अद्भुत तालमेल और दोस्ती साझा करते हैं। हमें इस फिल्म में साथ काम करने में बहुत मजा आया। जननी ने फिल्म के निर्देशक, संदीप श्याम, एक नवागंतुक के लिए भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, आमतौर पर नए आने वाले निर्देशकों के साथ काम करते समय, अभिनेताओं में असुरक्षा की भावना होती है। हालांकि, निर्देशक संदीप श्याम के साथ काम करते समय ऐसी कोई असुरक्षा नहीं थी। अशोक सेलवन के साथ उनकी हिट फिल्म थेगिडी के बाद फिर से काम करने पर जननी ने कहा, अशोक और मैंने साथ में थेगिडी में काम किया है और हम इस फिल्म के लिए फिर से एक साथ काम कर रहे हैं। मैंने इसकी कुछ क्लिप देखी हैं और यह बहुत अच्छी तरह से आई है। झानू का संगीत स्कोर फिल्म की सबसे बड़ी ताकत है। मुझे खुशी है कि मेरे पास उनका एक अच्छा गाना है। के4 क्रिएशंस प्रोड्यूसर केसेवेन द्वारा निर्मित यह फिल्म 24 जून को स्क्रीन पर आने वाली है।



## सान्या के साथ नजर आयेंगे राजकुमार राव

अभिनेता राजकुमार राव जल्द ही थ्रिलर फिल्म 'हिट- द फर्स्ट केस' में सान्या मल्होत्रा के साथ नजर आएंगे। फिल्म में राजकुमार एक पुलिसवाले की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में राजकुमार और सान्या मल्होत्रा अहम रोल निभा रहे हैं। यह फिल्म शैलेश कोलानू ने निर्देशित की है। यह इसी नाम की तेलुगु फिल्म की हिंदी रीमेक है। यह फिल्म 15 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। राजकुमार 'हिट-द फर्स्ट केस' के अलावा कई फिल्मों में नजर आएंगे। वे जाह्नवी कपूर के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही' की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म के निर्देशन का जिम्मा शरण शर्मा पर है, जिन्होंने फिल्म 'गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल' को निर्देशित किया था।राजकुमार, अनुभव सिन्हा की 'भीड़', हिट फिल्म 'स्त्री' के सीक्वल, अभिषेक जैन की 'सेकंड इनिंग्स', श्रीकांत बोला पर बनने जा रही बायोपिक, हंसल मेहता की 'स्वागत है' और अनुराग बसु की 'लाइफ इन ए मेट्रो' के सीक्वल का भी हिस्सा हैं। राजकुमार राव एक ऐसे सितारे हैं, जिनकी फिल्मों का दर्शकों को इंतजार रहता है। बता दें कि पत्रलेखा और राजकुमार पिछले साल शादी के बंधन में बंधे थे। आजकल ये दोनो रोम में घूमते नजर आ रहे हैं। राजकुमार रोम की सड़कों पर पत्नी पत्रलेखा के साथ घूमते नजर आए! ये दोनों ही कलाकार अक्सर अपने प्रशंसकों के लिए अपनी तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट करते हैं। कपल फिलहाल रोम में है। पत्रलेखा ने वहां से एक मनमोहक वीडियो साझा किया है। पत्रलेखा ने वीडियो के साथ दिए लिखा है, 'रोम में छुट्टियां बिताईं।' पत्रलेखा ने यह वीडियो एक दिन पहले शेयर किया था, जिस पर एक लाख से ज्यादा लाइक्स आ गए हैं। वीडियो में दोनों सितारे इटली की ऐतिहासिक जगहों पर घूमते और फोटो खिंचवाते हुए दिख रहे हैं। उन्हें रोम की सड़कों पर टहलते हुए भी देखा जा सकता है।

# ड्रीम गर्ल 2 में आयुष्मान खुराना के साथ दिखेंगी सारा अली खान?

अभिनेता आयुष्मान खुराना पिछले कुछ समय से फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को लेकर खबरों में बने हुए हैं। आए दिन इस फिल्म से जुड़ी नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। हाल में रिपोर्ट आई थी कि फिल्म में टीवी अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश की एंट्री हो गई है। अब सुनने में आ रहा है कि इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में वह मुख्य भूमिका निभा सकती हैं।


रिपोर्ट के अनुसार, आयुष्मान अभिनीत ड्रीम गर्ल 2 में सारा फीमेल लीड किरदार अदा करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि सारा इस फिल्म के लिए मेकर्स की पहली पसंद हैं। एक सूत्र ने कहा, मेकर्स एक उत्साही और युवा अभिनेत्री की तलाश में हैं। मेकर्स को लगता है कि सारा अपने किरदार में फिट बैठेंगी और उन्होंने उनके साथ बातचीत भी शुरू कर दी है। हालांकि, यह बातचीत अभी शुरुआती दौर में है।

यदि सारा इस फिल्म का हिस्सा बनती हैं, तो वह पहली बार किसी फिल्म में आयुष्मान के साथ नजर आएंगी। इन दोनों की फ्रेश जोड़ी को देखना वाकई एक रोचक अनुभव होगा। रिपोर्ट की मानें तो ये दोनों



कलाकार कुछ साल पहले मैडॉक फिल्म्स के एक प्रोजेक्ट के लिए साथ आने वाले थे, लेकिन बात नहीं बन पाई थी। कोरोना वायरस की महामारी के कारण उनके प्रोजेक्ट पर पानी फिर गया था।

जिस किरदार के लिए सारा को अप्रोच किया गया है, ऑरिजनल फिल्म में उस भूमिका को नुसरत भरूचा ने निभाया था। इस प्रकार वह ड्रीम गर्ल 2 में



नुसरत को रिप्लेस करेंगी। ऐसी चर्चा है कि इस फिल्म में सारा आयुष्मान के साथ इश्क फरमाती हुई दिखेंगी। इस किरदार के लिए कई अभिनेत्रियों के नाम सामने आ चुके हैं। हाल में खबर आई थी कि बिग बॉस 15 की विजेता तेजस्वी प्रकाश फीमेल लीड किरदार निभाएंगी। सूत्र ने बताया कि इस साल के अंत में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी शूटिंग जून में शुरू होने वाली थी, लेकिन उत्तर भारत का शेड्यूल होने के कारण मौसम को ध्यान में रखना पड़ा। बरसात के मौसम को देखते हुए इसकी शूटिंग का कार्यक्रम तय किया गया। इस फिल्म का निर्देशन राज शांडिल्य करने वाले हैं। पहले भाग की तरह ड्रीम गर्ल 2 भी एक सोशल कॉमेडी फिल्म होगी। ड्रीम गर्ल का निर्देशन राज ने किया था, जबकि एकता कपूर फिल्म की निर्माता थीं। आयुष्मान ने ड्रीम गर्ल 2 के लिए फिर राज और एकता के साथ हाथ मिलाया है। ड्रीम गर्ल में मनजोत सिंह और अन्नू कपूर भी अहम भूमिकाओं में दिखे थे। विजय राज, नुसरत भरूचा और अभिषेक बनर्जी ने भी फिल्म में अपना जलवा दिखाया था। कमाई के मामले में यह फिल्म सफल रही थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 140 करोड़ रुपये की कमाई की थी। सारा लक्ष्मण उतेकर की फिल्म में दिखाई देंगी। इसमें उन्हें विक्की कौशल के साथ देखा जाएगा। सारा के पास फिल्म गैसलाइट है, जिसमें उनके साथ विक्रांत मैसी नजर आएंगे। वह आदित्य धर के निर्देशन में बन रही द इम्मोर्टल अश्वत्थामा में भी दिखेंगी।

# किआरा ने कार्तिक के प्रशंसकों को अपना बताया



अभिनेत्री किआरा आडवाणी पर कार्तिक आर्यन के फैंस चोरी करने का नाम लग रहा है और ये बात खुद किआरा ने भी कबूल की है कि कई जगहों पर उन्होंने कार्तिक के फैंस को चोरी करने की कोशिश की है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर किआरा का एक वीडियो क्लिप शेयर किया, जिसमें किआरा यह खुलासा करती नजर आ रही हैं कि कैसे उन्होंने कार्तिक के फैंस को अपने फैंस में बदलने की कोशिश की है। किआरा ने कहा, मैं कार्तिक के फैंस को अपनी तरफ खींच रही हूं। दूसरे दिन भी मैंने कार्तिक के फैंस में से एक को अपना फैन बनाने कोशिश की थी। निश्चित ही अब वे कल मेरा फैनपेज खोलेंगे'। वहीं, कार्तिक ने यह भी कंफर्म किया है कि किआरा आडवाणी वास्तव में उनके फैंस को चुराने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा, वह ऐसा बहुत करती है। हर बार मैं अपने फैंस को उससे बचाने की कोशिश करता हूं, लेकिन वह जानबूझकर उनके सामने कुछ ऐसा करती है, ताकि वे उसे सुनें और यह सोचें कि वह कुछ ज्यादा ही खास है। वह मेरे फैंस को अपना फैन बना रही है। कार्तिक आर्यन और किआरा आडवाणी स्टारर 'भूल भुलैया 2' का क्रेज लोगों के बीच कम होने का नाम नहीं ले रहा। इस फिल्म को दर्शकों से जो प्यार मिल रहा है, वह वाकई कमाल का है। अनीस बज्मी निर्देशित यह फिल्म 20 मई को रिलीज हुई थी, तब हर गुजरते दिन के साथ फिल्म के कारोबार में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रही है। फिल्म ने अब तक 179.31 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है और इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म बन गई है।

## ओटीटी पर दर्शकों का मनोरंजन करेंगे करण



करण जौहर ने अपने टॉक शो के प्रीमियर डेट की भी घोषणा कर दी है। जिसके अनुसार, यह शो जुलाई से एक बार फिर दर्शकों के बीच दस्तक देगा। कॉफी विद करण अब ओटीटी पर दर्शकों का मनोरंजन करेगा। सालों से टेलीविजन पर चल रहा शो अब ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नीहॉटस्टार पर प्रीमिरयर होगा। जब से शो का ऐलान हुआ है, हर कोई यह जानने को बेताब है कि करण जौहर के इस शो के इस सीजन में कौन-कौन से सेलिब्रिटी नजर आएंगे। इस बीच सामंथा रुथ प्रभु, काजोल, विजय देवरकोंडा और मलाइका अरोड़ा-अर्जुन कपूर जैसे कई सितारों के शो में आने की चर्चा है। हालांकि, अभी तक इन खबरों की पुष्टि नहीं की गई है। करण जौहर ने शो का जो टीजर शेयर किया, जिसमें शाहरुख खान, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, सैफ अली खान, बिपाशा बसु, ऋषि कपूर, फराह खान, करीना कपूर खान, अनुष्का शर्मा, अर्जुन कपूर, जूही चावला, सलमान खान, ऐश्वर्य राय बच्चन, सारा अली खान, सिद्धार्थ मल्होत्रा, आलिया भट्ट, वरुण धवन और विक्की कौशल जैसे सितारों को देखा जा सकता है। ये सेलेब पहले ही इस शो के अलग-अलग सीजन्स का हिस्सा बन चुके हैं। वीडियो शेयर करते हुए करण जौहर ने लिखा- 'अंदाजा लगाइये कौन वापस आ रहा है? इस बार और भी ज्यादा हॉट चर्चाओं के साथ। हॉट स्टार स्पेशल कॉफी विद करण सीजन 7। सिर्फ डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 7 जुलाई से।' शो का टीजर देखकर दर्शक काफी उत्साहित हो गए हैं।करण जौहर ने यह टीजर शेयर करते हुए दावा किया है कि ये सीजन पहले के अन्य सीजन्स की तुलना में और भी ज्यादा बेहतर होगा।

# राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत हिट, द फर्स्ट केस का टीजर आया





राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा-स्टारर सस्पेंस-थ्रिलर हिटः द फर्स्ट केस के निमार्ताओं टीजर का रिलीज कर दिया है। इसमें राजकुमार विक्रम की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक पुलिस अधिकारी है, जो नौकरी के प्रति अपने समर्पण और अपने पिछले आघात से निपटने के बीच विभाजित है।

टीजर राजकुमार राव के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक लापता महिला के रहस्य को सुलझाने की कोशिश कर रहा है, जो अपने भीतर के राक्षसों से लड़ रहा है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज के सहयोग से दिल राजू प्रोडक्शंस से हिटः द फर्स्ट केस बनी है। शैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, दिल राजू, कृष्ण कुमार और कुलदीप राठौर ने किया है।

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत यह फिल्म 15 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## भारत का दबदबा

भारत ने आईएनएस विक्रांत को समुद्र में उतार दिया है। इसके साथ ही उसने इंडो-पैसिफिक में अपना दबदबा बना लिया है। पूरब से लेकर पश्चिमी समुद्र तक उसकी धाक मजबूत हो गई है। इसके साथ ही यह पहली बार वह चीन से बढ़ते समुद्री खतरे को जवाब देने की हालत में भी आ चुका है। साथ ही उसने इंडो पैसिफिक में नेविगेशन की आजादी भी हासिल कर ली है। असल में यह भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के सपने को पूरा करने की तरफ बढ़ाया गया कदम भी है। जनरल बिपिन रावत का यकीन था कि भारत एक दिन इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बड़ी ताकत बनेगा। इस दिशा में पहला कदम भारतीय सेना एक मैरीटाइम थिएटर कमांड कमांड के तहत लाना है। जिसमें एक नेवी एडमिरल है और आर्मी और एयरफोर्स का समर्थन हासिल है। इसके साथ ही समय आ चुका है भारतीय सेना और बेहतर आपसी समन्वय हासिल करे। इस दिशा में एक बड़ा कदम आईएनएस विक्रांत का जलावतरण है। वहीं अब भारतीय सेना को चाहिए कि वह ब्रिटिश राज की परंपराओं और कार्यक्रमों को पीछे छोड़कर खुद की नई पहचान हासिल करे। भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत को यकीन था कि भारत अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में समुद्री सुरक्षा विकसित करके सही मायनों में इंडो-पैसिफिक पावर बन सकता है। जनरल रावत की सुरक्षा योजना काफी विस्तृत थी। वह चाहते थे कि भारत ग्रेट निकोबार की कैंपबेल खाड़ी में कंटेनर कम रिप्लेनिशमेंट फैसिलिटी का विकास करे। ताकि भारत के मित्र देशों के युद्धपोत और व्यापारी पोत श्रीलंका की तरफ जाने के बजाए यहीं आएं। इसको लेकर यह भी योजना बनी थी कि कैंपबेल खाड़ी में एक डीप हार्बर बनाया जाए ताकि इंडियन एयरक्राफ्ट कैरियर किसी ग्लोबल इमरजेंसी या प्राकृतिक आपदा के समय तेजी से रिस्पांस कर सके। आईएनएस विक्रांत के जलावतरण के बाद अब मोदी सरकार को जरूरी कदम बढ़ाने चाहिए। वैसे भारत ने रक्षा क्षेत्र में निर्माण को लेकर कई चीजों पर आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। इनमें एयरक्राफ्ट कैरियर्स, डीजल और न्यूक सबमरीन्स और हल्के लड़ाकू विमान हैं। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि भारत इन विमानों के निर्माण में तेजी ले आए। उदाहरण के लिए जब मलेशिया से लेकर अर्जेंटीना तक तेजस को खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं तो हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को चाहिए कि वह इसके निर्माण को अगले स्तर तक ले जाए। हालांकि, भारत के इस महाशक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर पर चीन की टेढ़ी नजर जरूर है। चीन के पास ऐसी ही तकनीक से लैस दो एयरक्राफ्ट कैरियर पहले से ही मौजूद हैं और इलेक्ट्रैमैग्नेटिक कैटापुल्स से लैस तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर अभी समुद्री परीक्षण से गुजर रहा है। लेकिन, भारत के आईएनएस विक्रांत के लिए सबसे बड़ा खतरा चीन की कैरियर किलर मिसाइलें हैं। चीन का दावा है कि उसके पास दो ऐसी मिसाइलें हैं, जो दुनिया के किसी भी एयरक्राफ्ट कैरियर को पल भर में डूबो सकती हैं। ये मिसाइलें इतनी तेज और खतरनाक हैं कि अमेरिका के पास भी इनका काट नहीं है। चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर के देशों के साथ विवाद है। चीन के अधिकतर दुश्मन देशों के साथ अमेरिका के काफी अच्छे संबंध हैं। अमेरिका के एयरक्राफ्ट कैरियरों को उसकी सबसे बड़ी नौसैनिक शक्ति माना जाता है। ऐसे में चीन ने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियरों को डूबाने के लिए दो कैरियर किलर मिसाइलों को विकसित किया है। इनमें से एक डीएफ-17 मिसाइल तो हाइपरसोनिक स्पीड से उड़ान भरने में सक्षम है। इतना ही नहीं, यह मिसाइल एडवांस गाइडेंस सिस्टम से लैस है।

# ज्ञान चक्षु खोलने में समर्थ है शिकागो व्याख्यान

### 11 सितंबर शिकागो भाषण दिवस पर विशेष

डॉ. वंदना सेन



वर्तमान में जिस प्रकार से देश प्रगति कर रहा है, उसी प्रकार से कुछ लोग भारतीयता से दूर भी होते जा रहे हैं। हालांकि इस निमित्त कई संस्थाएं भारतीय संस्कारों को जन जन में प्रवाहित करने के लिए प्रयास कर रही हैं। यही कार्य भारत के संत मनीषियों ने किया था, जिसके चलते संपूर्ण विश्व ने भारतीय दर्शन का साक्षात्कार किया। अमेरिका के शिकागो में स्वामी विवेकानंद जी ने जिन प्रेरक शब्दों का प्रवाह प्रसारित किया, उससे उस समय विश्व के अनेक आध्यात्मिक मनीषी आप्लावित होते दिखाई दिए। एकाग्रचित्त होकर श्रवण किया गया स्वामी विवेकानंद जी का यह संबोधन एक ऐसे मार्ग का दर्शन कराता है, जो व्यक्ति और राष्ट्र को सकारात्मक बोध कराने वाला था। स्वामी विवेकानंद जी के वे विचार न केवल भारतीय ज्ञान की पताका फहराने वाले थे, बल्कि उस भाव का भी प्रकटीकरण करने में समर्थ थे, जहां भारत के विश्व गुरु होने के प्रमाण प्रस्फुटित होते हैं।

स्वामी विवेकानंद का शिकागो व्याख्यान एक ऐसा दर्शन था, जिसमें भारत के वसुधैव कुटुंबकम का भाव समाहित है। विश्व के किसी भी दर्शन में संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानने की परंपरा और विचार परिलक्षित नहीं होता, लेकिन भारत की संस्कृति में यह दर्शन पुरातन काल से समाहित है। विश्व के सबसे पुराने प्रामाणिक ग्रंथों में भारत का मूल समाया हुआ है। इसी मूल को स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका की धरती पर फैलाने का सफल प्रयास किया। हम जानते हैं कि अच्छे विचार को जन-जन में प्रवाहित करने के लिए कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है। शिकागो में जाने के लिए स्वामी विवेकानंद जी ने भी अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा। हालांकि भगवान की कृपा से यह समस्याएं दूर होती चली गई और स्वामी विवेकानंद जी अपने संकल्प को प्रवाहित करने के लिए धर्म सम्मेलन में सम्मिलित अनेक विद्वानों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए थे। विद्वानों के समक्ष जब विवेकानंद जी ने अपने ह्रदय को खोलते हुए पूरे मन से कहा मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों। इस शब्द ने जिस आत्मीयता का बोध कराया, जिस अपनेपन का एहसास कराया, वह वहां उपस्थित मनीषियों के लिए एक नई बात थी। उन्होंने इस प्रकार की कल्पना भी नहीं की और ना उनके दर्शन में ऐसा था। विवेकानंद की वाणी सबके ह्रदय को छूने वाली थी, सब सबके ह्रदय में हर्दियंगम होने वाली थी। इसीलिए प्रारंभिक शब्दों को सुनने के बाद पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो गया। इन तालियों में ही स्वामी विवेकानंद जी को जितना समय दिया गया था, वह समय निकल गया, लेकिन स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को सुनकर वहां उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग ने स्वामी विवेकानंद जी को और ज्यादा समय देने को कहा। उसके बाद स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय दर्शन पर आधारित भारतीय संस्कारों से समाहित ऐसा प्रबोधन दिया, जो सबके लिए नया था। यही भारतीय संस्कृति का स्वरूप है। उस समय संपूर्ण विश्व के मनीषियों ने यह स्वीकार किया कि वास्तव में भारत ज्ञान के मामले में विश्व गुरु है।

शिकागो व्याख्यान के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है। मैं दुनिया की सबसे पुरानी संत परंपरा और सभी धर्मों की जननी की तरफ से आप सभी को धन्यवाद देता हूं। सभी जातियों, संप्रदायों के लाखों करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आपका आभार व्यक्त करता हूं। अपने व्याख्यान में स्वामी विवेकानंद जी कहते हैं जिस तरह अलग-अलग जगहों से निकली नदियां अलग-अलग रास्तों से होकर आखिरकार समुद्र में मिल जाती हैं। ठीक उसी तरह मनुष्य अपनी इच्छा से अलग-अलग रास्ते चुनता है। यह रास्ते देखने में भले ही अलग-अलग लगते हों, लेकिन यह सब ईश्वर तक ही जाते हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि विश्व के सभी धर्मों की एक ही उपयुक्त राह है कि हम ईश्वर की प्राप्ति में लग जाएं।

स्वामी विवेकानंद जी की वाणी भारतीयता से ओतप्रोत थी। विवेकानंद जी जब भी बोलते थे, उनके एक एक शब्द में भारत का प्रस्फुटन होता था। वे निश्चित रूप से उस भारतीय संस्कृति के संवाहक थे, जो समस्त विश्व के दिशादर्शक हैं। तभी तो वे कहते थे कि भारतीय संस्कृति केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक प्रगति का आधार है। वर्तमान समय में भी स्वामी विवेकानंद जी विचार उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पुरातन काल में होते थे। स्वामी जी युवाओं को शक्तिशाली बने रहने का भी उपदेश देते थे। उनका मानना था कि जिस देश का युवा निर्बल और शक्तिहीन होगा, वह राष्ट्र कभी शक्ति संपन्न नहीं हो सकता।

हिंदुत्व के बारे में स्वामी विवेकानंद जी की स्पष्ट धारणा थी। वे अपनी वाणी के माध्यम से यह भी कहते थे कि तुम तब और केवल तब ही हिन्दू कहलाने के अधिकारी हो, जब इस नाम को सुनने मात्र से तुम्हारे शरीर में विद्युत प्रवाह की तरह तरंग दौड़ जाए और हर व्यक्ति सगे से भी ज्यादा पसंद आने लगे। स्वामी विवेकानंद जी सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार की तरह ही देखते थे। शिकागो में स्वामी विवेकानंद जी का प्रबोधन इसी भाव धारा का प्रवाहन था। जिसकी गूंज आज भी ध्वनित होती रहती है।

स्वामी विवेकानंद जी ने भारत के बारे में तीन अति महत्व की भविष्यवाणी की थीं। 1890 के दशक में उन्होंने कहा था कि भारत अकल्पनीय परिस्थितियों के बीच अगले 50 वर्षों में ही स्वाधीन हो जाएगा। जब उन्होंने यह बात कही तब कुछ लोगों ने इस पर ध्यान दिया। उस समय ऐसा होने की कोई संभावना भी नहीं दिख रही थी। ऐसी पृष्ठभूमि में स्वामी विवेकानंद जी की यह सत्य सिद्ध दी हुई। विवेकानंद ने ही एक और भविष्यवाणी की थी जिसका सत्य सिद्ध होना शेष है। उन्होंने कहा था भारत एक बार फिर समृद्धि तथा शक्ति की महान ऊँचाइयों पर उठेगा और अपने समस्त प्राचीन गौरव को पीछे छोड़ जाएगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि अतीत से ही भविष्य बनता है। अत: यथासंभव अतीत की ओर देखो और उसके बाद सामने देखो और भारत को उज्ज्वल तक पहले से अधिक पहुंचाओ। हमारे पूर्वज महान थे। हम भारत के गौरवशाली अतीत का जितना ही अध्ययन करेंगे हमारा भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा। भारत में श्रीराम, कृष्ण, महावीर, हनुमान तथा श्री रामकृष्ण जैसे अनेक ईष्ट और महापुरुषों के आदर्श उपस्थित हैं। महापुरुषों में संपूर्ण समाज का भला करने की नीति का ही पालन किया। स्वामी जी एक कथन बहुत ही प्रचलित है उतिष्ठत जागृत, प्राप्य वरान्निबोधत। अर्थात उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत। यह कथन जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बहुआयामी प्रगति का मार्ग तैयार करेगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि धर्म को हानि पहुंचाए बिना ही जनता की उन्नति की जा सकती है। किसी को आदर्श बना लो, यदि तुम धर्म को फेंक कर राजनीति, समाजनीति अथवा अन्य किसी दूसरी नीति को जीवन शक्ति का केंद्र बनाने में सफल हो जाओ तो उसका फल यह होगा कि तुम्हारा अस्तित्व नहीं रह जाएगा। भारत में हजारों वर्षों से धार्मिक आदर्श की धारा प्रवाहित हो रही है। भारत का वायुमंडल इस धार्मिक आदर्श से शताब्दी तक पूर्ण रह कर जगमगाता रहा है।

## सृष्टि के परम स्वामी कृष्ण

मनुष्य को जानना चाहिए कि भगवान कृष्ण ब्रह्मांड के सभी लोकों के परम स्वामी हैं। वे सृष्टि के पूर्व थे और अपनी सृष्टि से भिन्न हैं। सारे देवता इसी भौतिक जगत में उत्पन्न हुए, किंतु कृष्ण अजन्मा हैं, फलत: वे ब्रह्मा और शिव जैसे देवताओं से भी भिन्न हैं। और चूंकि वे ब्रह्मा, शिव तथा अन्य समस्त देवताओं के स्रष्टा हैं अत: समस्त लोकों के परम पुरुष हैं। परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करने के लिए मनुष्य को समस्त पापकर्मों से मुक्त होना चाहिए। जैसे कि भगवद्गीता में कहा गया है, उन्हें केवल भक्ति के द्वारा जाना जा सकता है, किसी अन्य साधन से नहीं। मनुष्य को चाहिए कि वह कृष्ण को साधारण मनुष्य न समझे। इस जगत में शुभ या अशुभ वस्तुओं का बोध बहुत कुछ मनोधर्म है क्योंकि इस भौतिक जगत में कुछ भी शुभ नहीं है। प्रत्येक वस्तु अशुभ है। क्योंकि प्रकृति स्वयं अशुभ है। हम इसे शुभ मानने की कल्पना मात्र करते हैं। वास्तविक मंगल तो पूर्ण भक्ति और सेवाभाव से युक्त कृष्णभावनामृत पर ही निर्भर करता है। अत: यदि हम तनिक भी चाहते हैं कि हमारे कर्म शुद्ध हों, तो हमें परमेश्वर की आज्ञा से कर्म करना होगा। ऐसी आज्ञा श्रीमद्भागवत तथा श्रीमद्गीता जैसे शास्त्रों या प्रामाणिक गुरु से प्राप्त की जा सकती है। चूंकि गुरु भगवान का प्रतिनिधि होता है, अत: उसकी आज्ञा प्रत्यक्षत: परमेश्वर की आज्ञा होती है। गुरु, साधु तथा शास्त्र एक ही प्रकार से आज्ञा देते हैं। इन तीनों स्रोतों में कोई विरोध नहीं होता। कर्म संपन्न करते हुए भक्त की दिव्य मनोवृत्ति वैराग्य की होती है, जिसे संन्यास कहते हैं। जैसा कि भगवद्गीता के छठे अध्याय के प्रथम श्लोक में कहा गया है कि जो भगवान का आदेश मानकर कोई कर्त्तव्य करता है और जो अपने कर्मफलों की शरण ग्रहण नहीं करता, वही असली संन्यासी है।

## कौन बनेगा प्रधानमंत्री : एकजुट विपक्ष.... सबकी नजर में प्रधानमंत्री कक्ष....?

ओम प्रकाश मेहता

यह भी कितना अजीब है.... अभी भारत में अगले आम चुनाव में 20 महीने का समय है और अभी से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी सहित सभी राजनीतिक दलों की नजर अगले चुनाव पर है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काबिलियत और क्षमता का 8 साल तक परीक्षण करने के बाद देश के किसी भी विपक्षी दल में उनके मुकाबले की हिम्मत दिखाई नहीं दे रही है, इसलिए प्रति पक्षी दल एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं, वैसे तो उनका यह प्रयास मोदी जी के पहली बार 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही जारी है, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो 21 दलों को एकजुट कर भी लिया था, यह एकजुटता 2018 तक रही और 2019 के आम चुनाव के अवसर पर टूट गई, पिछले साल से फिर इस दिशा में प्रयास शुरू हुए हैं, कभी शरद पवार तो कभी तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री चंद्रशेखर राव इस दिशा में सक्रिय हैं, किन्तु क्या वे अगले 20 महीने तक एकजुट रह पाएंगे? आज का यही सबसे बड़ा और अहम सवाल है7

प्रति पक्षी दलों की एकजुटता में भी कुछ अवरोध हैं, क्षेत्रीय दल कांग्रेस का साथ नहीं चाहते और ममता बनर्जी लेफ्ट से परहेज कर रही है इधर बिहार में हाल में घटे राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने आपको ÷नवोदित राष्ट्रीय नेता÷ मान कर खुद को अगला प्रधानमंत्री मानने लगे हैं और गर्व के साथ दावा कर रहे हैं कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 50 सीटें भी नहीं लाने देंगे, तो मैं इधर सी चंद्रशेखर राव, ममता बनर्जी और शरद पवार भी आए दिन नए-नए दावे कर रहे हैं और इन सभी नेताओं का सपना प्रधानमंत्री बनना है, इधर सब कुछ लुटा कर भी होश में नहीं आने वाली कांग्रेस के लाडले नेता राहुल गांधी की आंखों में भी रंगीन सपने हैं, अर्थात कुल मिलाकर हर दल का नेता अपने आपको अगला प्रधानमंत्री मानकर ही चल रहा है फिर चाहे वो वास्तविकता कुछ भी क्यों ना हो? जहां तक नेहरू इंदिरा जी की कई वर्षों से अनवरत आलोचना करने और अपने आपको उन से बढ़कर मानने वाले नरेंद्र भाई मोदी का सवाल है उनका तो अटूट प्रयास अब नेहरू इंदिरा के प्रधान मंत्रित्व काल से आगे निकलना है पंडित जवाहरलाल नेहरू 17 साल और इंदिरा जी 16 साल प्रधानमंत्री रही मोदी जी इस समय सीमा को पार कर कीर्तिमान स्थापित करना चाहते हैं और उसके लिए अभी उन्हें अगले 2 चुनावों (2024 और 2029) पर अपनी विजय पताका फहरानी होगी और इसी दिशा में वे स्वयं और उनकी पार्टी प्रयासरत है, प्रतिपक्ष ही दलों को मोदी और उनकी पार्टी का यही संकल्प परेशान किए हुए हैं और एकजुटता के प्रयास भी इसी का प्रतिफल है, अब इस प्रयास प्रतियोगिता में कौन सफल होता है? यह तो फिलहाल कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती किन्तु यह तय है कि यदि प्रतिपक्ष ही दलों को मोदी का मुकाबला सक्षमता से करना है तो उन्हें इसके लिए अपनी-अपनी महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाकर एकजुट होना पड़ेगा और चुनाव परिणामों के बाद प्रयास सफल होते हैं,तब प्रधानमंत्री पद के बारे में सर्वसम्मति बनानी पड़ेगी क्योंकि जब तक देश का प्रतिपक्ष बिखरा हुआ है, तब तक मोदी जी को प्रधानमंत्री बने रहने से कोई नहीं रोक सकता, आज प्रतिपक्ष का कांग्रेस सहित कोई भी दल उन्हें अकेले चुनौती देने की स्थिति में नहीं है, .... और सच पूछा जाए तो मोदी जी व उनका दल इसी स्थिति का लगातार फायदा उठा रहा है और यही स्थिति रही तो वे आगे भी इसी तरह फायदा उठाते रहेंगे। इसलिए अब प्रतिपक्षी दलों की प्राथमिकता यही होनी चाहिए कि वे अपनी महत्वाकांक्षा व अहम को त्यागे और इमानदारी से एकजुट होकर मोदी के मुकाबले की तैयारी करें, इन प्रयासों के लिए प्रतिपक्षी दलों के पास पर्याप्त समय भी है। जहां तक सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का सवाल है उसने हर स्तर पर अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है, बूथ स्तर से प्रदेश स्तर तक हर कहीं रणनीति तैयार कर ली गई है, क्योंकि लोकसभा चुनावों से पहले करीब डेढ़ दर्जन राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होना है, इसलिए भाजपा उस दिशा में ही सक्रिय है जबकि प्रति पक्षी दलों की फिलहाल कोई तैयारी परिलक्षित नहीं हो रही है। ....और जहां तक बेचारे आम वोटर का सवाल है वह तो अपेक्षित रहा है... और लगता है आगे भी रहेगा, क्योंकि प्रजातंत्र में उसकी भूमिका तो वोट देने के चंद मिनटों की ही होती है, उसके बाद तो हर कोई उसे भुला देता है, आंज ना उसकी तकलीफ का किसी को ध्यान है ना उसके जीवनोपयोगी संसाधनों की।

# एक समग्र व्यक्तित्व के धनी -डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन

### सूडोकु नवताल- 6189

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6188 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

मुकेश तिवारी



डॉक्टर राधाकृष्ण के पूर्वज मद्रास के समीपवर्ती गांव सर्वपल्ली में निवास करते थे यही से उक्त ब्राह्मण परिवार आजीविका की तलाश में तिरुतणी गांव में आकर बस गया था ,इसलिए राधा कृष्ण का नाम सर्वपल्ली राधाकृष्णन पड़ा, इनके पिता श्री वीर स्वामी पुरोहिताई करते थे ,इस कार्य के अंतर्गत वह शिक्षा, धार्मिक उपदेश व दीक्षा भी देते थे, राधा कृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था ,इनकी मां का नाम सीताम्मा था वे पांच भाई बहन थे इनके माता-पिता धनी तो नहीं थे किंतु निर्धन भी नहीं थे, इसका स्पष्ट कारण था कि इनके पिता स्थानीय जमीदार के राजपुरोहित थे, फिर भी राधाकृष्णन ने स्वयं के बलबूते पर ही अपने व्यक्तित्व का निर्माण किया।

राधा कृष्णन की 12 वर्ष तक की प्रारंभिक शिक्षा इनके पिता की देखरेख में गांव में ही रहकर हुई, 1903 में 16 बर्ष की आयु में सिवाकामू के साथ हुआ था, इसके पश्चात उनके पिता जब तिरुतणी गांव में जाकर बस गए ,तो उनका परिचय यहां ईसाई मिशनरियों से हुआ, इन मिशनरियों ने बाद में राधाकृष्णन को पश्चिम ज्ञान अर्जित कराया, क्रिश्चियन स्कूल में तालीम के कारण इन्हें अंग्रेजी विषय का अच्छा ज्ञान हो गया, साथ ही बाइबल भी कंठस्थ हो गई ,पुस्तकों का अध्ययन इनकी आदत बन गई, वेल्लोर के वूर हीज कॉलेज में उन्होंने स्कूली शिक्षा ग्रहण की और इसके पश्चात मद्रास के क्रिश्चियन कॉलेज में दाखिला लिया , यहां उनके सहपाठियों में पंडित कृष्णा स्वामी अय्यर थे जो आगे चलकर भारतीय संविधान निर्माण समिति के सदस्य बने राधा कृष्णन,अपनी सभी कक्षाओं में सदैव प्रथम स्थान प्राप्त करते रहें मद्रास के क्रिश्चियन कॉलेज में प्रवेश से उनका संपर्क ईसाई मिशनरियों से तो बढा , परंतु जब मिशनरियां पुरानी भारतीय रीति - नीति को सड़ा गला घोषित कर व तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत करती तो वे काफी दुखी हो जाते थे, उन्होंने एम. ए में दर्शन शास्त्र विषय को इसलिए चुना क्योंकि विवेकानंद जी से वह काफी प्रभावित थे ,20 वर्ष की आयु में राधा कृष्णन ने अपना प्रथम निबंध निबंध दि इथिकस आफ दि वेदांत लिखा , उक्त लेख पर दर्शन शास्त्र के प्राध्यापक ए जी हाग की प्रतिक्रिया थी , एम ए की परीक्षा के लिए विद्यार्थी ने जो निबंध प्रस्तुत किया है, उससे यह प्रमाणित होता है कि छात्र दर्शन शास्त्र के मुख्य सिद्धांतों से पूर्णता परिचित है और उसे सब कुछ कंठस्थ याद है, जटिल तर्कों को वह उपयुक्त व सहज ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता रखता है, इन सबके अलावा उसका अंग्रेजी भाषा पर भी प्रभुत्व होना विलक्षण प्रतिभा को दर्शाता है, हमारे देश में डां राधाकृष्णन के जन्मदिन 5 सितंबर को प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता हैं मद्रास राज्य में शिक्षा सेवा के लिए एल टी होना जरुरी था, इसलिए उन्होंने टीचर्स कॉलेज ,सेदापेठ में वर्ष 1910 में दाखिला लिया, यहां भी उनकी विलक्षण प्रतिभा से सब लोग चकित थे ,

जब एल टी परीक्षा की तैयारी के लिए टीचर्स कॉलेज के प्रोफेसर ने अन्य छात्रों के लिए राधाकृष्णन से व्याख्या प्रस्तुत करने के लिए कहा,तो उन्होंने कुल तेरह व्याख्यान दिए, राधा कृष्णन के इस व्याख्यान पर स्वयं एम के रंगास्वामी अयंगर की प्रतिक्रिया थी, राधाकृष्णन के व्याख्यानों में विषय की गहराई,वागिमता, परिष्कृत शैली, शब्दों के सुंदर चयन ने सबका मन मोह लिया, वर्ष 1911 में राधाकृष्णन ने कालेज की औपचारिक शिक्षा पूरी कर ली , उन्होंने अब तक की सभी परीक्षाएं विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की थी,हमारे शास्त्रों में लिखा है कि ज्ञान तभी प्राप्त होता है,जब गुरु के प्रति निष्ठा व भक्ति हो, विनम्रता की प्रतिमूर्ति राधाकृष्णन ने इस तथ्य पर पूरी तरह अमल किया,वह मद्रास के क्रिश्चियन कॉलेज में दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर डॉ ए जी हाग के प्रिय छात्रों में से एक थे, गुरु के प्रति उनके जहन में अगाध प्रेम और निष्ठा थी, जब कि दूसरी ओर मिशनरियों द्वारा हिन्दू धर्म की भ्रमक तस्वीर पेश करना उन्हें काफी आहत कर देता था, इस प्रसंग को उन्होंने सकारात्मक रूप में लिया और अपने ज़हन में यह निश्चिय कर लिया कि वह एक दिन अवश्य ही हिंदू धर्म के सही मर्म से मिशनरियों को रुवरू कराएंगे।

## आजादी की मज़ेदार नौटंकी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सेंट्रल विस्टा' का उद्घाटन करते समय सबसे ज्यादा जोर इस बात पर दिया कि वे देश की गुलाम मानसिकता को खत्म करने का काम कर रहे हैं। इसमें शक नहीं कि जॉर्ज पंचम की जगह सुभाष बाबू का शानदार पुतला खड़ा करना अत्यंत सराहनीय कदम है और पूरे 'इंडिया गेट' इलाके का नक्शा बदलना भी अपने आप में बड़ा काम है। इस क्षेत्र में बने नए भवनों से सरकारी दफ्तर बेहतर ढ़ग से चलेंगे और नई सड़कें भी लोगों के लिए अधिक सुविधाजनक रहेंगी। इस सुधार के लिए नरेंद्र मोदी को आनेवाली कई पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। लेकिन राजपथ का नाम 'कर्तव्यपथ' कर देने को मानसिक गुलामी के विरुद्ध संग्राम कह देना कहां तक ठीक है? पहली बात तो यह कि राजपथ शब्द हिंदी का ही है। दूसरा, यह सरल भी है, कर्तव्य पथ के मुकाबले। यदि प्रधानमंत्री ने पहली बार शपथ लेते हुए खुद को देश का 'प्रधान सेवक' बताया था तो इस पथ का नाम 'सेवा-पथ' रखा जा सकता था। इससे यह ध्वनित होता कि भारत में 'राजा' का राज नहीं, 'सेवक' की सेवा चल रही है। प्रधानमंत्री चाहें तो अब भी उसका नाम 'सेवा पथ' रख सकते हैं लेकिन इससे भी बड़ा और बुनियादी सवाल यह है कि क्या कुछ सड़कों, द्वीपों और शहरों के नाम बदल देने और राष्ट्रनायकों की मूर्तियाँ खड़ी कर देने से आप अंग्रेज के जमाने से चली आ रही गुलाम मानसिकता से मुक्ति पा सकते हैं? यह क्रिया-कर्म वैसा ही है, जैसा कि नौटंकियों में होता है। सिर पर मुकुट और हाथ में धनुषबाण तानकर आप राम की मुद्रा तो धारण कर लेते हैं लेकिन फिर मंच से उतरते ही आप सिगरेट और गांजा फूंकने लगते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि नौटंकियां निरर्थक होती हैं। उनसे भी लाभ होता है लेकिन भारत की आजादी के 75 साल का उत्सव मनानेवाली सरकार को यह पता ही नहीं है कि उसकी रग-रग में गुलामी रमी हुई है। अभी भी हमारे नेता नौकरशाहों के नौकर हैं। देश के सारे कानून, देश की सारी ऊंची पढ़ाई व अनुसंधान और देश का सारा न्याय किसकी भाषा में होता है? क्या वह भारत की भाषाओं में होता है? वह आपके पुराने मालिक अंग्रेज की भाषा में होता है। प्रधानमंत्री के नाम से चलनेवाली ज्यादातर योजनाएं, अभियानों और देशहितकारी कामों के नाम भी हमारे पुराने मालिक की जुबान में रखे जाते हैं। क्योंकि हमारे नेताओं का काम सिर्फ जुबान चलाना है। असली दिमाग तो नौकरशाहों का चलता है। हमारे नौकरशाह और बुद्धिजीवी मैकाले और कर्जन के सांचे में ढले हुए हैं। जब तक उस सांचे को तोड़नेवाला कोई गांधी, लोहिया या दीनदयाल भारत में पैदा नहीं होगा।

# जर्जर अवस्था में है मुरैना टॉकीज, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा




## दिल्ली उपहार सिनेमा की कहानी दोहराना चाहता है मुरैना प्रशासन

**मुरैना।** पिछले 3 वर्षों से मुरैना टॉकीज की जगह के मालिक द्वारा सिनेमा हॉल की जर्जर अवस्था को ध्यान में रखते हुए किराएदारी समाप्त कर दी और प्रशासन को तमाम आवेदन टॉकीज के निरीक्षण एवं कार्रवाई के लिए दे चुका है, लेकिन पैसों की खनक के कारण अधिकारियों द्वारा फाइलों को दबा दिया गया है और जर्जर अवस्था में संचालित टॉकीज पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। बताया जाता है कि सिनेमा भवन मालिक आकाश गुप्ता कई बार जिलाधीश को भी ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन उन्होंने भी इसका संज्ञान नहीं लिया है। सिनेमा भवन के मालिक आकाश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुरैना टॉकीज सिनेमा हॉल का भवन लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराना है, जिसमें लकड़ी की बालकनी बनी हुई है और उस पर लगभग 300 दर्शक बैठते हैं तथा बालकनी के ठीक नीचे प्रथम क्लास में भी लगभग इतने ही दर्शक सिनेमा देखते हैं। बालकनी क्लास के नीचे दर्शकों को बैठाकर सिनेमा दिखाना पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योंकि सिनेमा नियमावली 1972 एक्ट के तहत अवैध होकर जन सुरक्षा के अनुसार नहीं है। उन्होंने बताया कि मुन्नालाल की जीन स्थित मुरैना सिनेमा हॉल 5 फरवरी 1947 से आवाद होकर अपना छवि ग्रह संचालित कर रहे हैं। लकड़ी की बालकनी सिनेमा हॉल में पूर्णतः प्रतिबंधित है, जो ज्वलनशील होकर जर्जर होने से वर्तमान में अस्थाई लोहे के खंभे लगाकर उस पर टिकाई गई है जो कभी भी गिर सकती है और लकड़ी की बनी होने से उसमें आग भी लग सकती है। इसके साथ ही सिनेमाघर में कोई भी अग्निशमन यंत्र नहीं है तथा सिनेमा घर के चारों ओर रेजिडेंस फ्लैट बने हुए हैं तथा कभी भी दुर्घटना की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। किराएदार सिनेमा संचालकों द्वारा विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अनुचित लाभ देकर स्वस्थ प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिए जाते हैं। वर्तमान में टॉकीज भवन की हालत को देखते हुए उक्त स्थान पर सिनेमा हॉल संचालित होना एक जोखिम भरा है। आकाश गुप्ता द्वारा सिनेमा हॉल मालिक से छविग्रह बंद करने के लिए कई बार कहा गया है और सिनेमा मालिक की किराएदारी नोटिस भी समाप्त कर दी है। वर्तमान में कोई भी किराया आवेदक द्वारा सिनेमा मालिक से नहीं लिया जा रहा है। आवेदक ने जिला कलेक्टर को यह भी लिखा है कि सिनेमा संचालित होने के समय या बाद में यदि कोई हादसा होता है, तो उसकी अर्थात भवन स्वामी की कोई जवाबदारी नहीं होगी, इसके लिए शासन-प्रशासन एवं सिनेमा हॉल मालिक व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे, यह नियम विरुद्ध संचालित है इसलिए छविग्रह की अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाए। आवेदक ने बताया कि सिनेमा हॉल मालिक पर कोई भी अनुमति नहीं है तथा सिनेमा एक्ट के मापदंडों का खुला उल्लंघन हो रहा है, लेकिन इसके बाद भी प्रशासन द्वारा सिनेमा हॉल मालिकों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे मुरैना में कभी भी दिल्ली के उपहार सिनेमा जैसी पुनरावृति हो सकती है।

## केक काटकर एवं टी-शर्ट वितरण कर नेत्रहीन बच्चों के साथ मनाया विश्व फिजियोथैरेपी दिवस



**मुरैना।** शुक्रवार 8 सितंबर को विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के उपलक्ष में पुष्पा मां फिजियोवर्ल्ड मुरैना द्वारा विश्व फिजियोथेरेपी दिवस वृद्ध आश्रम में संचालित नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुश्री निधि जैन आबकारी कमिश्नर एवं नेहा शर्मा ने बच्चों से केक कटवाकर एवं उन्हें किट वितरण कर किया। सुश्री निधि जैन द्वारा बताया गया कि समाज में इस तरह की पहल एवं गतिविधियां होती रहनी चाहिए, जिससे इन बच्चों को बाहरी दुनिया में हो रही गतिविधियों की जानकारी समय-समय पर होती रहे। कार्यक्रम में उपस्थित फिजियोवर्ल्ड संचालक डॉ सुशील कुमार (फिजियोथैरेपिस्ट) द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए बताया गया कि दैनिक व्यायाम एवं सही पोस्चुरल हैबिट के द्वारा व्यक्ति शरीर की अकड़न एवं दर्दों से छुटकारा पा सकता है।

## कोर्ट में लंबित रहते संपत्ति बेची, तो रजिस्ट्री शून्य मानी जाएगी

**मुरैना।** हाई कोर्ट ने संपत्ति से जुड़े प्रकरण में एक अहम आदेश पारित कर कहा है कि यदि सिविल कोर्ट में लंबित रहने के दौरान विवादित संपत्ति बेची जाती है तो उसकी रजिस्ट्री स्वतः शून्य मानी जाएगी।

## सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती शिविर मुरैना जिले में

**मुरैना।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और एसआईएस के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगारों के लिये सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के पद पर भर्ती कार्यक्रम मुरैना जिले में आयोजित किया जा रहा है। यह भर्ती जनपद पंचायतों में तिथिवार आयोजित कि जाएगी। 12 सितम्बर को जनपद पंचायत अम्बाह, 13 सितम्बर को जनपद पंचायत पोरसा, 14 सितम्बर को जनपद पंचायत जौरा, 15 सितम्बर को जनपद पंचायत सबलगढ़, 22 सितम्बर को जनपद पंचायत पहाड़गढ़, 23 सितम्बर को जनपद पंचायत कैलारस, 24 सितम्बर को जनपद पंचायत मुरैना के सभागार में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक सुनिश्चित किया गया है। रीजनल ट्रेनिंग सेंटर नीमच के भर्ती अधिकारी शिवपाल सिंह सोनगरा ने बताया कि जनपद स्तर पर उपस्थित होकर सुरक्षा जवान की भर्ती की जायेगी। भर्ती में बेरोजगार अभ्यर्थियों की योग्यता कक्षा 10वीं पास, लंबाई 168 सेंटीमीटर से ज्यादा, वजन 56 से 90 किलो, सीना 80 से 85 सेंटीमीटर, आयु 21 से 37 वर्ष होना चाहिए। चयनित अभ्यार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात स्थाई रोजगार प्रदान किया जाएगा। सुरक्षा जवान के लिये 12 हजार से 15 हजार रूपये मासिक वेतन मानदेय होगा। पीएफ, ईएसआई, ग्रेज्युएटी, बोनस, मेडिकल की सुविधा, इंश्योरेंस, सालाना वेतन वृद्धि, दुर्घटना, बीमा, आवास व मेस की सुविधा दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद भारत सरकार के ऐतिहासिक स्थल एवं औद्योगिक क्षेत्र मल्टीनेशनल क्षेत्र में स्थाई नियुक्ति दी जाएगी। बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की मुहिम को साकार करने के लिए सोशल डिस्टेंस को ध्यान रखकर और मास्क लगाकर तथा कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए बेरोजगार अभ्यार्थी अपने मूल दस्तावेज, (चयनित अभ्यार्थी के लिए 350 रुपए फार्म) के लिए लगेंगे। इच्छुक उम्मीदवार इन तिथियों में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबइल नंबर 75809-40021 या वेबसाइट पर सर्च करें।

# मारपीट करने वाले आरोपीगण को न्यायालय ने किया दण्डित



**मुरैना।** न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी चरन सिंह पिता वीरसिंह जाटव, उम्र 32 वर्ष को भादवि की धारा 324 में दोषी पाते हुये 03 माह का सश्रम कारावास व 1,000 रूपये का अर्थदण्ड व आरोपीगण राजेश पिता वीरसिंह जाटव, उम्र 27 वर्ष, अजमेर सिंह पिता गोकुल जाटव, उम्र 70 वर्ष समस्त निवासीगण प्रेमनगर गडौरा का पुरा जिला मुरैना म.प्र. को भादवि की धारा 324 सहपठित धारा 34 में दोषी पाते हुये 03-03 माह का सश्रम कारावास व 1000-1,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि दिनांक 26 अक्टूबर 2014 को फरियादी रामकरन तथा उसका लडका अमरसिंह दाउजी मंदिर मुरैना गांव से लौटकर गोपालपुरा आ रहे थे, तभी सोलंकी पेट्रोल पंप के सामने एम.एस.रोड पर आरोपीगण चरनसिंह, राजेश, अजमेर मिले और आरोपी अजमेर गाली देते हुये बोला कि अमरसिंह को पकड लो, लडकी लक्ष्मी को लेने नहीं आता है तब आहत अमरसिंह ने कहा दहेज का केस चल रहा है। इसी बात पर आरोपीगण ने आहत अमरसिंह को मोटरसाइकल से खींचकर नीचे पटक दिया और चरन सिंह ने आहत अमरसिंह को छुरी मारी जो दाहिने हाथ की गदेली में लगी चोट होकर खून निकल आया और तीनों ने लातघूंसो से मारपीट की और गाली देते हुये बोले कि रिपोर्ट करने गया तो जान से खत्म कर देंगे। फरियादी रामकरन ने घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना सिविल लाइन मुरैना पर की, जिस पर से आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## पत्रकारों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी, साहित्यकार व आम लोगों ने दिया समर्थन







मुरैना। शहीद संग्रहालय मुरैना पर जिले के पत्रकारों द्वारा कलेक्टर मुरैना बी कार्तिकेयन को हटाने के लिए धरना प्रदर्शन कर पिछले 9 दिनों से शहीद बिस्मिल संग्रहालय के बाहर धरना दिया जा रहा है, इससे पूर्व पत्रकारों द्वारा राज्य शासन के मुख्यमंत्री व अनेकों मंत्रियों सहित विधायकों को ज्ञापन देकर कलेक्टर मुरैना को हटाने की मांग की गई। इसी क्रम में गत 2 सितंबर से संग्रहालय पर सभी पत्रकार धरने पर बैठे हुए हैं और उनकी मांग है कि जब तक कलेक्टर मुरैना का स्थानांतरण नहीं होगा, उनका धरना प्रदर्शन निरंतर जारी रहेगा। शनिवार को धरना स्थल पर जिले के वरिष्ठ साहित्यकार प्रहलाद भक्त सहित आमजन ने पत्रकारों की मांगों को सही ठहराते हुए उन्हें अपना समर्थन दिया और राज्य शासन को चेताया है कि समय रहते वह पत्रकारों की मांग पर गौर करें और ऐसे कलेक्टर को मुरैना से स्थानांतरण करें, जो आमजन से दूरियां बनाकर रखता हो, लोगों से संवाद करने मैं अपनी बेइज्जती महसूस करता हो। आमजन ने कहा कि जब देश के चौथे स्तंभ की बात को शासन प्रशासन के अधिकारी नहीं सुन रहे, तो फिर आम जनता की स्थिति क्या बनेगी, यह विचारणीय प्रश्न है और उन्हें इसका खमियाजा आगामी विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ सकता है।

# रामचरितमानस का अक्षर व मंत्र सब व्याधियों से दिलाता है मुक्तिः आचार्य व्यंकटेश



**जौरा।** स्थानीय मनकामेश्वर महादेव मंदिर मैं चल रही रामकथा के तीसरे दिन शनिवार को आचार्य व्यंकटेश शास्त्री ने श्रीरामचरितमानस महात्मय समझाते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरितमानस दुनिया का ऐसा अद्भुत एवं अनमोल ग्रंथ है। जिसका एक एक अक्षर मंत्र ही नहीं अपितु महामंत्र है। यह बात कई उदाहरणों से प्रमाणित हुई है। रामचरितमानस के माध्यम से जीवन की हर व्याधि से मुक्ति पाई जा सकती है। मनकामेश्वर महादेव मंदिर के सभागार में चल रही संगीतमय रामकथा में चित्रकूट धाम से पधारे व्यंकटेश शास्त्री अपनी मधुर वाणी से सैकड़ों भक्तजनों को श्री रामकथा का अमृत पान करा रहे हैं। शनिवार को सती चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विश्वास की वस्तु है। उस पर तर्क और बहस नहीं की जा सकती भगवान के अस्तित्व पर जो भी अविश्वास करता है। उसका हस्त्र दक्ष सुता सती महारानी जैसा होता है। भगवान शिव की अर्धांगिनी होते हुए सती मैया ने, भगवान पर अविश्वास किया तो शिव जी ने उनका परित्याग कर दिया। इस दौरान आचार्य ने भक्तों के प्रकार बताते हुए प्रेरक कथा संदर्भ के साथ श्रोताओं को भगवान की भक्ति में रंगने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा निष्काम भक्ति हमेशा फलदाई रहती है। कथा में संगीत के साथ मधुर भजन श्रोताओं को लंबे समय तक बांधने में सफल हो रहे हैं। श्रीराम कथा में कल भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव पूर्ण उत्साह एवं श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। श्री रामकथा के आयोजन में राजाराम वशिष्ठ,रामजीलाल मंगल,श्याम बिहारी गुप्ता, प्रदीप शर्मा, बीरबल धाकड़, राम प्रकाश शर्मा, राजू गुप्ता, प्रकाश शर्मा आदि का विशेष सहयोग मिल रहा है।

## 5 रुपय की मैगी मिल रही 7 रुपए में, कार्यवाही की मांग




**अंबाह।** बड़ी-बड़ी कंपनियां द्वारा अपने उत्पादों पर मुनाफा कम करने के बाद उक्त उत्पादों को स्थानीय दुकानदारों द्वारा मंहगा बेचा जा रहा है। देखने में आ रहा है कि मैगी का 5 रूपए वाला पैकेट इन दिनों 7 रूपए में बेचा जा रहा है। समाजसेवी मोनू तोमर ने बताया कि बच्चो द्वारा आमतौर पर अधिक पसंद किया जाने वाले उत्पाद मैगी के पैकेट का पहले से ही कंपनी द्वारा वजन घटाकर कम कर दिया गया है। ऊपर से उक्त पैकिट को दुकानदारों द्वारा 7 रूपए में बिक्री किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। मोनू तोमर ने बताया है कि शहर सहित अंचल में कई दुकानदार 2 से तीन गुना तक महंगे दाम में सामान बेच रहे हैं। शहर सहित अंचल में किराना थोक व्यापारी छोटे-छोटे दुकानदारों से रेट से ज्यादा रुपये वसूल कर रहे है और छोटे दुकानदार सामान लेने वालों से 10 रुपये की चीज 20 रुपये में दे रहे है। इससे गरीब, मजदूर और असहाय लोगों को सामान खरीदने के काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।

# अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को किन्नर समाज ने दिया समर्थन

## 39 वें दिन भी जारी रही भूख हड़ताल




**कैलारस।** नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर आंदोलन लगातार जारी है। धरना प्रदर्शन तिरंगा यात्रा के साथ-साथ 39 दिनों से भूख हड़ताल भी जारी है। इस भूख हड़ताल को समाज के विभिन्न तबकों का समर्थन मिल रहा है महिलाएं भी इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर रही हैं। शनिवार को भूख हड़ताल के 39वे दिन में किन्नर समाज ने आंदोलन का समर्थन किया व भूख हड़ताल पर बैठकर आन्दोलनकारियों को खुला समर्थन दिया। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में रानी गुरु किन्नर, अंकिता किन्नर, मास्टर किन्नर, नरेश जाटव प्रमुख रहे। आंदोलन के साथ एकजुटता प्रकट करते हुए उन्हें मोहल्ला वासी राकेश सिंह सिकरवार, हलकेराम जाटव, रतन लाल शाक्य, नरेश रजक, अमरसिंह जाटव, रामबाबू शाक्य, रतिराम जाटव, सलमा बानो, मिथिलेश श्रीवास मीना जाटव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रही। आंदोलनकारियों ने निर्णय लिया है कि आगामी दिनों में आंदोलन को तेज करने के लिए सर्वजातीय समर्थन एकजुट किया जाएगा। सभी प्रमुख दलों को और जन संगठनों को एकजुट करते हुए सत्याग्रह किया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। जल्द ही सत्याग्रह की घोषणा की जाएगी।

# सीएजी की रिपोर्ट यदि 2012 में अंतिम थी तो अब क्यों नहीं: माकपा



**मुरैना।** पोषण आहार घोटाले के सम्बंध में सीएजी की रिपोर्ट अगर अंतिम जांच रिपोर्ट नहीं है तो फिर 2012 में सीएजी की रिपोर्ट को भाजपा अंतिम मान कर जमीन आसमान एक क्यों कर रही थी? मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के तहसील सचिव राजेश गुप्ता ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि माकपा के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने बयान जारी करते हुए कहा है कि तथ्यों को अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करना ही भाजपा के दोमुंहे चरित्र को उजागर करता है। मुख्यमंत्री का बयान उनकी इसी कार्यप्रणाली का हिस्सा है। इस घोटाले की चर्चा करते हुए माकपा सचिव ने कहा है कि प्रदेश में जब इस घोटाले की शुरुआत हुई थी, तब अर्चना चिटनिस महिला बाल विकास मंत्री थी। कांग्रेस के 15 माह के कार्यकाल में मंत्री इमरती देवी थीं और मार्च 20 से तो यह मंत्रालय मुख्यमंत्री ही संभाल रहे हैं। इमरती देवी भी अब तो भाजपा में हैं और चुनाव हारने के बाद भी उन्हें कैबिनेट मंत्री के दर्जे से नवाजा गया है। इससे साफ है कि मुख्यमंत्री सिर्फ घोटाले में शामिल ही नहीं हैं बल्कि भ्रष्टों को सरंक्षण भी दे रहे हैं। माकपा नेता ने कहा है कि मोटर साइकिल, स्कूटर, ऑटो और टैंकर पर खाद्यान्न ढोने के मामले का मुख्यमंत्री ने बहुत ही बचकाने तरीके से बचाव किया है। यह तो सम्भव है कि किसी एक नम्बर की टाइपिंग मिस्टेक हो जाए, मगर इतने सारे नम्बर कैसे गलत हो सकते हैं? जबकि इन्हीं वाहनों के नम्बरों पर बिल बाउचर तैयार कर भुगतान भी कर दिया गया है। जसविंदर सिंह ने कहा है कि चारा घोटाले में तो बेजुबान जानवरों का चारा डकारा गया था, इस घोटाले में तो मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं और शिशुओ को दूध पिलाने वाली महिलाओं के पोषण आहार को डकारा गया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि जब पोषण आहार को नेता खा रहे थे, तभी तो प्रदेश कुपोषण, कमवजनी बच्चों, खून की कमी वाली महिलाओं और शिशु व मातृ मृत्यु दर में प्रदेश सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि सरकार जब यह कह रही है कि भ्रष्टाचार हुआ ही नहीं है तो फिर सरकार विधानसभा की सर्वदलीय समिति या राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की संयुक्त समिति से इसकी जांच करवाने को तैयार क्यों नहीं है? मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि मुख्यमंत्री को इस घोटाले की जिम्मेदारी लेना चाहिए।

# जीते जी कद्र कर लो श्राद्धकर्म की जरूरत नहीं

**सर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयः पिता**
**मातरं पितरं तस्मात् सर्वयत्नेन पूजयेत**

**पद्मपुराण/** सृष्टिखण्ड में माता-पिता के लिए लिखित श्लोक में माता-पिता के प्रति आस्था और कर्तव्य की परिभाषा स्पष्ट रुप से लिखी गई है कि, मनुष्य के लिये उसकी माता सभी तीर्थों के समान है, तथा पिता सभी देवताओं के समान पूजनीय है। अतः बच्चों का यह परम् कर्तव्य है कि वह उनका आदर और सेवा करें।

माता में ही सारे तीर्थ है व पिता में ही सभी देवता है। जो माँ बाप की सच्चे मन से सेवा करता है उसे किसी अन्य तीर्थ पर यात्रा की व अन्य किसी देवता की पूजा की आवश्यकता ही नहीं होती। क्योंकि माता पिता के रूप में उसके पास सब कुछ यहीं विद्यमान है। कृष्ण पक्ष पितर पक्ष कहलाता है। जो इस पक्ष तथा देहत्याग की तिथि पर अपने पितरों का श्राद्ध करता है उस श्राद्ध से पितर तृप्त हो जाते हैं। यह सारी क्रियाएँ अपने पूर्वजों के प्रति स्नेह, विनम्रता, आदर व श्रद्धा भाव का प्रतीक है। यह पितृ ऋण से मुक्ति पाने का सरल उपाय भी है। कम से कम इसी बहाने अपने पूर्वजों और पितृओं को याद तो करते है। चलो ठीक है ये सब आत्म संतुष्टि के लिए, या प्रायश्चित के तौर पर करने में कोई गलत बात नहीं। करना भी चाहिए।



पर आज मृतात्मा के पीछे हो रहे श्राद्ध का महत्व न समझाते सजीव माता-पिता के प्रति कर्तव्य की बात को सही ढ़ंग से समझेंगे तब शायद श्राद्धकर्म की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। मरने के बाद ये दिखावा क्यूँ? श्राद्ध पक्ष के दिनों कुछ लोगों को पितृओं पर अचानक प्रेम उभर आता है, जीते जी जिनको दो वक्त की रोटी शांति से खाने नहीं दी उनके पीछे दान, धर्म करने का दिखावा करते है। किसीको शायद ये बातें बुरी लगे पर धार्मिक भावना दुभाने का इरादा नहीं, पर जिसने जीते जी माँ-बाप को खून के आँसू रुलाया हो उसे कोई हक नहीं बनता श्राद्ध के नाम पर माँ-बाप को याद करनेका भी। सुना है क्या कभी की स्वर्ग के लिये कोई टिफ़िन सेवा शुरू हुई हो? या तो फिर क्या ऐसा संभव है की हम गाय और कौवों को खीर पूडी खिलाएँ और सालों पहले चल बसे हमारे माँ-बाप को पहुँचे और वह तृप्त हो जाएँ। कोई मरकर वापस नहीं आया जो हमें इन सारी चीज़ों का सही ज्ञान दें। उपनिषद कहते हैं कि अधिकतर इंसान की मृत्यु के बाद तत्क्षण ही दूसरा शरीर मिल जाता है फिर वह शरीर मनुष्य का हो या अन्य किसी प्राणी का। पुराणों के अनुसार मरने के 3 दिन में व्यक्ति दूसरा शरीर धारण कर लेता है इसीलिए तीजा मनाते हैं। कुछ आत्माएं 10 और कुछ 13 दिन में दूसरा शरीर धारण कर लेती हैं इसीलिए 10वां और 13वां मनाते हैं। कुछ सवा माह में अर्थात लगभग 37 से 40 दिनों में। तो हम किसके लिए सालों साल श्राद्ध करते है?

ऐसी तथाकथित विधियों का अनुकरण करने से अच्छा है जब माँ-बाप ज़िंदा हो तभी उनको अच्छे से खिलाएँ-पिलाएँ और सन्मान से रखें। जिनके माँ-बाप, बेटे-बहू की सेवा पाकर तृप्त होकर गए हो उनका तो मोक्ष हो जाता है। उनके पीछे ये ढ़कोसला करने की जरूरत भी नहीं होती।

पर जिनको माँ-बाप की कद्र नहीं उनके लिए इतना ही कहना है की, किसी भगवान की फोटो का नहीं बल्कि माता-पिता के चश्मे का शीशा पोंछ दीजिए, खुशबूदार अगरबत्ती लगाईये पर किसी भगवान के आगे नहीं बल्कि माता पिता के कमरे में मच्छर वाली, माथा टेके पर किसी बेजान मूर्ति के आगे नहीं बल्कि अपने माता-पिता के चरणों में। जो आपके जन्मदाता है और भगवान से कम नहीं। अगर माँ बाप बिमार है तो दिल से उनकी सेवा कीजिए। खूब सारे पैसे देना दान में मत दीजिए बल्कि जीते जी अपने माता-पिता की हर जरुरत पूरा करने के लिए खर्च करें। समाज में वृध्धाश्रम एक कलंक है, क्यूँ ना इसे नश्तेनाबूद करें.!

याद रखिए बचपन में जितनी जरूरत हमें माँ बाप की होती है उतनी ही जरूरत माँ-बाप को बुढ़ापे में बच्चों की होती है।

जीते जी सहारा दीजिए, मरने के बाद श्राद्ध नहीं करोगे तब भी चलेगा। माँ-बाप के चले जाने के बाद पैसों से सबकुछ मिलेगा पर उनके जैसा निस्वार्थ प्यार कहीं नहीं मिलेगा। पूजा-पाठ, श्राद्ध कर्म, दान-पुण्य सब दिखावा और ढ़कोसला है। जिसका जीता जागता उदाहरण गणेश जी है। कार्तिकेय जी ने पृथ्वी की प्रदक्षिणा की और गणेश जी ने माता पिता की। माँ-बाप की सेवा करेंगे उन्हें खुश रखेंगे तो भगवान भी खुश होगा।

**भावना ठाकर %भावु% बेंगलोर**

## डिलीवरी के वक्त पड़ी ब्लड की आवश्यकता सूचना मिलते ही तुरंत पहुंचे समाजसेवी पत्रकार रानू लोधी

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शिवपुरी जिला अस्पताल से है जहां पर पिछले 2 दिनों से एडमिट मनीषा लोधी



पति राजेंद्र लोधी निवासी नंदा गांव जोकी पिछले 2 दिनों से जिला अस्पताल में एडमिट थी जिसकी डिलीवरी के समय डॉक्टरों ने बताया कि उनको ब्लड की अत्यंत आवश्यकता पड़ रही है और जितनी जल्दी हो सके वह मनीषा के लिए ब्लैक की व्यवस्था कर ले लेकिन पति राजेंद्र लोधी ने अपने सभी रिश्तेदारों और अपने सभी मित्र गणों को सूचना दी लेकिन किसी भी व्यक्ति का ए पॉजिटिव ब्लड इमरजेंसी में नहीं मिला तभी हॉस्पिटल वालों ने बताया कि कुछ ब्लड डोनर शिवपुरी शहर में है जो हमेशा इमरजेंसी के वक्त मरीजों को ब्लड डोनेट करते रहते हैं इसकी सूचना जब समाजसेवी पत्रकार रानू लोधी को मिली तो वह तुरंत जिला अस्पताल शिवपुरी पहुंचे जहां उनको पता चला की मनीषा लोधी जिसकी डिलीवरी होनी है उसका हीमोग्लोबिन 5.2 आ रहा है जिसकी बहुत ही सीरियस हालत बताई जा रही थी जिसमें उनको ए पॉजिटिव ब्लड की अत्यंत आवश्यकता है जस पर पत्रकार रानू लोधी ने तुरंत डॉक्टरों को बताया कि वह उन्हे ए पॉजिटिव ब्लड दे दे मैं बदले में ओ पॉजिटिव ब्लड देने के लिए आ रहा हूं तब जाकर पति राजेंद्र लोधी से चेहरे पर थोड़ी सी मुस्कान आई और उन्होंने तुरंत ही पत्रकार रानू लोधी को धन्यवाद दीया जिस पर पत्रकार रानू लोधी ने मौके पर अपना ब्लड डोनेट किया

# गुरुद्वारे चौराहे पर युवक का शव मिलने से फैली सनसनी मौके पर पहुंची पुलिस

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - खबर शिवपुरी के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गुरुद्वारे चौराहे पर आज सुबह एक युवक की शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदी था और नशे के ओवरडोज की वजह से ही उसकी मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक राठौर उम्र 27 वर्ष निवासी करौंदी कॉलोनी का शव आज सुबह गुरुद्वारे चौराहे पर पड़ा मिला जिसको देखते ही राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया बरामद करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि विवेक राठौर नशे का आदी था विवेक की मां ने बताया कि वह अत्यधिक मात्रा में नशा करता था उसे कई बार मना करने के बावजूद भी वह नहीं माना हाल ही में उसे नशा केंद्र भेजने की योजना बनाई गई थी लेकिन उससे पहले ही ओवरडोज की वजह से उसकी मृत्यु हो गई वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आगे का खुलासा पी.एम. के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा7 वही युवक कबाड़ा बीनने का कार्य करता थ7 उसके हाथों की नसों पर इंजेक्शन के निशान भी बने हुए थे जिससे आशंका जताई जाती है कि वह अत्याधिक मात्रा में नशा करता था पूरे मामले में कोतवाली थाना प्रभारी सुनील खेमरिया ने बताया, सुबह-सुबह सूचना मिली कि गुरुद्वारे चौराहे पर एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है मौके पर जाकर देखने पर पता चला कि किसी युवक की ड्रग्स के ओवरडोज से मृत्यु हो गई है पी.एम. के बाद खुलासा किया जाएगा7



# कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में शिशुपाल सिंह जिलाध्यक्ष मनोनीत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की अनुशंसा पर कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभय तिवारी के द्वारा जिला भिंड कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष पद पर शिशुपाल सिंह भदौरिया को नियुक्त किया गया 7 शिशुपाल सिंह भदौरिया ने अपने मनोनयन पर कहा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर मैं खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा 7

मैं संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप सोशल मीडिया विभाग के माध्यम से भाजपा सरकार में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी तमाम मुद्दों को और कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा 7



नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के मार्गदर्शन में जल्द ही संपूर्ण जिले की कार्यकारिणी का गठन करने का कार्य भी किया जाएगा 7 शिशुपाल सिंह ने अपने मनोनयन पर कांग्रेस के सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया 7

शिशुपाल सिंह को कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देने वालों में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव खिजर मोहम्मद कुरेशी, जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह, पूर्व राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस अनुरुद्ध प्रताप सिंह, जिला शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा, देवेंद्र सिंह भदौरिया, संतोष त्रिपाठी, अमित प्रताप सिंह, अजय जैन, संजय यादव, गुड्डू वाल्मीक, कौशलेंद्र राजावत, रेखा भदौरिया, डॉ प्रतीश विश्वास, संजीव टैगोर, अनीस अहमद, जाहिद खान, अवधेश प्रजापति, गगनदीप बरार, राज प्रताप, शिव शंकर, अतुल आदि शामिल हैं 7

## एक सो 12 करोड़ की नवीन सड़क का भूमि पूजन कार्यक्रम आज

**पुष्पांजली टुडे**

**भितरवार ।** विधानसभा भितरवार में देवरीकांछा से मोहना तक चीनोर से करहिया वाया भितरवार सबसे बड़ी समस्या 43 द्मद्व लागत 1सौ 12करोड़ की नवीन सड़क का भूमि पूजन कार्यक्रम में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के आगमन को लेकर देवरीकांछा श्री लखेश्वरी माता मंदिर परिसर पहुंच कर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनसेवक श्री मोहन सिंह राठौर जी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर भितरवार काली माता मंदिर पर सभी कार्यकर्ताओ और ग्रामीणजनो एवं जनसेवक साथियों से मुलाकात कर चौपाल चर्चा की एवं ज्यादा से ज्यादा सख्या मे पहुंचने का आग्रह किया! इस अवसर पर अध्यक्ष उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता सम्मिलित रहे



# युवा मोर्चा हरा भरा मध्यप्रदेश अभियान के तहत हर पंचायत स्तर पर पौधे लगाए जाएंगे

**संतोष भदौरिया पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड /** उपरोक्त जानकारी भाजपा युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि गोरमीभारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गोरमी की कामकाजी बैठक नगर के वार्ड नंबर 12 स्थित सुनील मिश्रा के आवास पर आयोजित की गई7 बैठक में बतौर मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष समाधिया एवं विशेष अतिथि के रुप में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ओमकार यादव किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विजय कुशवाह मौजूद थे बैठक के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद बरुआ ने उपस्थित अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर उपस्थित युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष समाधिया ने कहा की युवा मोर्चा द्वारा हरा भरा मध्यप्रदेश अभियान के तहत हर मंडल में दो हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे यह अभियान 11 सितंबर से प्रारंभ होगा हम सब युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को गांव गांव हर पंचायत एवं वार्ड तक यह अभियान चलाना है जिससे हमारा मध्यप्रदेश हरा-भरा मध्यप्रदेश हो सके इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा युवा मोर्चा के हरा भरा मध्य प्रदेश अभियान एक महत्वाकांक्षी अभियान है इससे आने वाले समय में पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है और हमारे आने वाली पीढ़ी को शुद्ध ऑक्सीजन की प्राप्ति हो सकती है इसलिए हम सबको मिलकर हर पंचायत हर वार्ड में जो सार्वजनिक स्थल हैं उन पर वृक्षारोपण महा अभियान चलाना है और उन पौधों की देखभाल भी करनी है7 बैठक का संचालन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद बरुआ ने किया और युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं से इस महा अभियान में सहयोग की अपील की बैठक में आभार प्रकट युवा नेता शिवराज सिंह परमार ने किया बैठक में मुख्य रूप से दिनेश यादव शिवराज यादव मोनू शर्मा रणवीर परमार आदर्श शर्मा सामंत यादव धर्मेंद यादव धुर्व तिवारी राजेश मिश्रा संस्कार शर्मा नितिन जैन रवि सोनी आशु शर्मा दिनेश सिंह सुनील गुर्जर दीपू शर्मा मोनू परमार विजेंद्र सिंह गुर्जर अंकुश श्रीवास दिनेश सिंह आदि युवा मोर्चा के देवतुल्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# लेखक डॉ. सुभाष शर्मा ने केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात कर अपनी पुस्तक भेंट की





**उमाकान्त शर्मा चम्बल संभाग संबाददाता पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश तथा देश के प्रसिद्ध युवा प्रेरक एवं बेस्ट सैलिंग लेखक डॉ. सुभाष शर्मा ( एंटरप्रेन्योर व मेंटर ऑफ चेंज- नीति आयोग) ने बीते रोज देश की राजधानी दिल्ली में माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और अपनी एमेजॉन नंबर 1 बेस्टसैलर पुस्तक, *÷हाउ यूथ कैन विन नाउ÷* भेंट की। मंत्री महोदय ने क्षेत्र का नाम रोशन करने, देश व विदेशों में उत्कृष्ट कार्य करने और समाज में योगदान देने, तथा देश के युवाओं को प्रेरित करने का सफल प्रयास करने के लिए डॉ. सुभाष शर्मा की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इस नई पुस्तक को उन्होंने युवा पीढ़ी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला एक सशक्त मार्गदर्शक संसाधन बताया। गौरतलब है कि डॉ. सुभाष शर्मा पद्मश्री डॉ. विजयकुमार शाह के साथ, 3 सितंबर को महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम श्री भगत सिंह कोश्यारी जी से भी मुंबई राज भवन में मिले थे। माननीय राज्यपाल तथा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के साथ डॉ. शर्मा ने राज भवन में स्थापित गणपति जी की पूजा अर्चना व आरती की थी और सभी भक्तों के साथ महाप्रसाद का आनंद लिया था। इसके बाद डॉ शर्मा की पुस्तक का राज्यपाल महोदय के कर कमलों द्वारा महाराष्ट्र में विशिष्ट विमोचन किया गया था। राज्यपाल महोदय ने पुस्तक में गहरी रुचि रखते हुए चर्चा करते समय इसके महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली और लेखक के उत्कृष्ट कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इस पुस्तक को युवाओं के जीवन में नई आशा और आत्म विश्वास बढ़ाने तथा सफ़लता दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली प्रेरणादाई पुस्तक बताया।

डॉ सुभाष शर्मा की यह पुस्तक युवाओं द्वारा बहुत पसंद की जा रही है क्योंकि ये सरल अंग्रेजी भाषा में जीवन परिवर्तन के मंत्र सुझाती है तथा युवाओं के जीवन में नई ऊंचाइयों को पाने के सुगम और सार्थक मार्ग प्रशस्त करने में सक्षम है। माननीय कृषि मंत्री जी ने भी अपनी शुभकामनाएं और आर्शीवाद देते हुए आशा जताई कि इस पुस्तक से लाखों लोगों को जीवन में सफलता पाने की प्रेरणा मिलेगी और यह पुस्तक सभी का जीवन सार्थक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। अत्यंत खुशी और गर्व की बात है कि %कारगिल विजय दिवस% पर दिल्ली में माननीय श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा विमोचन के बाद थोड़े ही समय में *हाउ यूथ कैन विन नाउ* पुस्तक एमेजॉन नंबर 1 बेस्ट सैलर बन गई है!मुझे पूर्ण विश्वास है कि लेखक के सार्थक प्रयास आगे भी कई उच्च कीर्तिमान स्थापित करेंगे और युवाओं को सार्थक जीवन जीने के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगे।

## मलेरिया से बचाव के लिए आयुष विभाग ने बांटी होम्योपैथिक औषधि

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर।** मलेरिया की रोकथाम के लिए संचालनालय आयुष मलेरिया आयुष नियंत्रण कार्यक्रम 2022 के तहत मलेरिया ऑफ 200 औषधि का वितरण अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। जिले में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संभागीय आयुष अधिकारी अथवा जिला आयुष अधिकारी शिवपुरी डॉ.प्रदीप कुमार चतुर्वेदी द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त समन्वय से जिले के पिछोर विकासखण्ड के मलेरिया प्रभावित लभेडा ग्राम में लोगों को होम्योपैथिक औषधि मलेरिया ऑफ 200 खिलाई गई। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व आशाओं ने ग्राम की आदिवासी बस्ती में जाकर पीडित लोगों को होम्योपैथिक औषधियां खिलाई गईं। स्वास्थ्य विभाग की टीम में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता निशा खान,दवासाज सचिन भार्गव सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रैना लोधी,आंगनवाड़ी सहायिका कलावती आदिवासी,आशा रेखा लोधी,ग्रामीण पार्वती आदिवासी,गोमा आदिवासी,गीता आदिवासी,अवध आदिवासी,बती लोधी,शीला लोधी,अमोल लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।





# अब दो अक्टूबर से शराबबंदी के लिए जनजागरण अभियान चलाएंगी उमा भारती

**भोपाल।** शराबबंदी के लिए दुकानों पर पत्थर फेंकने वाली भाजपा की फायरब्रांड नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती अब दो अक्टूबर से शराबबंदी के लिए जनजागरण अभियान चलाएंगी। करीब पांच सौ महिलाएं भोपाल आएंगी और कर्फ्यूवाली माता मंदिर से काली माता मंदिर तक रैली निकाली जाएगी। उमा ने 13 जुलाई को कहा था कि शराबबंदी के पक्ष में प्रदेशभर की महिलाएं भोपाल में इकट्ठी होंगी। इसे धन्यवाद आयोजन में बदलना अब शिवराज जी के हाथ में है। शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर बुलाई पत्रकारवार्ता में उमा शराबबंदी को लेकर सरकार के प्रयासों से संतुष्ट नजर आईं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान शराब नीति जनहितकारी नहीं है। दिल्ली के नेताओं से लेकर शिवराज जी से लगातार बात हुई है। शिवराज जी ने मीडिया में आकर कहा कि वर्तमान नीति में सुधार करेंगे। अगले वर्ष की नीति में हमारे सुझावों को शामिल करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पहले से ही कह रहे हैं कि यह जनजागरण का विषय है। इसे लेकर वे उमा भारती से मिले भी थे।

उमा ने कहा कि पूरी तरह से शराबबंदी की बात मैं पहले से ही नहीं कह रही थी। जब मैंने ही नहीं की, तो दूसरों को कैसे कह सकती हूं। अपने कार्यकाल में मैंने कंट्रोल कर लिया था। इससे राजस्व कम हुआ था। उन्होंने कहा कि शराबबंदी को लेकर राष्ट्रीय पार्टियों को प्रयास करने चाहिए। जिस पार्टी की जिस राज्य में सरकार है, वह वहां नीति बनाए। यह केंद्र का विषय नहीं है। इसलिए केंद्र नीति नहीं बना सकता है। ब्राह्मणों को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाले प्रीतम लोधी को लेकर उमा ने कहा कि असंयमित भाषा का प्रयोग करके प्रीतम ने बहुत बड़ी गलती की। प्रीतम ने बताया कि वीडी शर्मा से


File pic

बात की, माफी मांगी। फिर भी पार्टी ने कार्यवाही की। तब मैंने समझाया कि पार्टी ने नुपुर शर्मा पर भी कार्यवाही की है। ये मत कहो कि इसमें कोई भेदभाव हुआ है। जाति और व्यक्ति विशेष को गाली देने की मैं निंदा करती हूं।

### मैंने पहले ही इशारा कर दिया था शिवराज जी को ..

उमा ने कहा कि मैं शुरू से ही शिवराज जी को कह रही हूं कि सत्ता, प्रशासन और शासन में जातिगत व क्षेत्रीय संतुलन बिगड़ा हुआ है। खासकर ग्वालियर, सागर, रीवा संभाग में। मंत्रिमंडल के दूसरे विस्तार के समय मैं लखनऊ में सीबीआई कोर्ट में थी। मैंने टीवी पर ब्रेकिंग देखी, तुरंत शिवराज जी से बात की। मैंने कहा टीवी पर शपथ लेने वाले मंत्रियों के जो नाम आ रहे हैं, उनमें रीवा-ग्वालियर संभाग छूट रहा है। क्षेत्रीय और जातिगत समीकरण बिगड़ा हुआ है। यह ठीक नहीं। इससे कभी भी असंतोष भड़क सकता है। उन्होंने जो उत्तर दिया, वह मैं नहीं दूंगी। क्योंकि यह हमारी प्राइवेट बात थी लेकिन मैंने यह इशारा पहले कर दिया था कि सत्ता, शासन, प्रशासन और भागीदारी में असमानता नहीं दिखनी चाहिए।

### एससी-एसटी, ओबीसी को मिले आरक्षण

उमा ने कहा कि एससी-एसटी, ओबीसी को निजी क्षेत्र में आरक्षण मिलना चाहिए और इसके साथ 10 प्रतिशत सवर्णों को भी आर्थिक आधार पर आरक्षण मिलना चाहिए। उन्हें पिछड़ा वर्ग ही मानना होगा। वे कहने के ही सवर्ण हैं।

### धर्मस्थलों को संक्रीर्णता में न बांधें

रणबीर और आलिया को महाकाल के दर्शन नहीं करने देने पर उमा ने कहा कि पुजारियों ने विरोध किया। सारा अली खान ने बनारस में डुबकी लगाई। हमें धर्मस्थलों को संक्रीर्णता में नहीं बांधना चाहिए। इनकी आस्था थी या ऐसे ही जा रहे थे। पुजारियों को रोकने के अधिकार हैं।

## महिला क्रिकेट टीम द्वारा मैच जीतकर ट्रॉफी जीती



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे ग्वालियर** पुलिस 11 महिला क्रिकेट टीम द्वारा मैच जीतकर ट्रॉफी जीती गई ट्रॉफी को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को हमारी टीम भेंट करती हुई एवं मुझे मैच में बेस्ट प्लेयर का अवार्ड प्राप्त हुआ मैच आयोजक दीप्ति साघी जी को मैच आयोजन करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद हमारी पूरी टीम के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई मेंच जीतने के लिए । श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा हमारी पूरी टीम की हौसला अफजाई की गई हमारी पुलिस 11 महिला क्रिकेट टीम ने शॉर्ट नोटिस पर मैच खेला एवं मैच जीता

## आजाद अध्यापक जिलाध्यक्ष भिंड ने किया रक्तदान



**दैनिक पुष्पांजली टुडे भिण्ड ।** आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष बदन सिंह बघेल ने अपने जन्मदिन पर जिला अस्पताल में किया रक्तदान एवं शा. प्रा. वि. सकराया मै आज एक दर्जन वृक्षा रोपण भी किया ज्ञात है कि बदन सिंह बघेल ने गत माह पूर्व प्रकृति से प्रेम करते हुए विकलांग बल राज्य सचिव सौरभ बघेल के साथ सयुंक्त रूप से लगभग 1101 पेड़ों का वृक्षारोपण किया था।बबलू सिंधी सौरभ बघेल शिक्षक अजय बघेल शिक्षक आदि।

## 16 दिन के पित्र पक्ष क्यों मनाऐ जाते है।

**पुष्पांजली टुडे दिनारा।** 16 दिन के पित्र पक्ष क्यों मनाया जाते हैं इसी 16 दिन को लेकर दिनारा क्षेत्र के ग्राम थनरा के पंडित श्री अनुज शास्त्री जी ने बताया। की यह 16 दिन राजा कर्ण के माने गए हैं। इस पितृपक्ष के



पावन पर्व पर पत्रों को तर्पण किया जाता है। पितरों के निमित्त ब्राह्मणों को दान दिया जाता है। जब राजा कर्ण मृत्यु को प्राप्त हो गए तो तब उन्होंने देवताओं से कहा कि हम को भोजन चाहिए तब देवताओं ने उनकी। थाली में सोना परोसा गया तब उन्होंने कहा कि हमको तो भोजन चाहिए। फिर देवताओं ने कहा कि यहां पर आपको तो सोना ही मिलेगा। अगर आप को भोजन चाहिए तो पुनः मृत्यु लोक जाइए। ब्राह्मण को भोजन कराइए। ब्राह्मणों को दान दीजिए। अपने पितरों को तर्पण कीजिए। तब आप को भोजन प्राप्त होगा।

# बैरागढ़ में सुबह पांच बजे तक हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन, मेन रोड पर लगा जाम



**भोपाल।** राजधानी के उपनगर बैरागढ़ में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला आज सुबह 5:00 बजे तक जारी रहा। शुक्रवार को दोपहर बाद प्रतिमाओं के विसर्जन की शुरुआत हो गई थी। देर शाम को सीहोर नाका स्थित झूलेलाल विसर्जन घाट पर मेले-सा माहौल रहा। नगर निगम और जिला प्रशासन ने इस बार विसर्जन घाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। किसी भी घाट के अंदर प्रवेश करने नहीं दिया जा रहा था। प्रतिमा को क्रेन की मदद से विसर्जित किया गया। छोटी प्रतिमा को भी नगर निगम कर्मचारी अपने हाथ में लेकर विसर्जित कर रहे थे। बड़ी संख्या में लोग यहां प्रतिमा लेकर पहुंचे। बैरागढ़ के अलावा गांधी नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के भक्त भी प्रतिमाएं लेकर यहां विसर्जन के लिए पहुंचे। घाट पर देर रात तक मेले सा माहौल रहा। स्थानीय पार्षद एवं नगर निगम अधिकारी भी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे।

### चल समारोह का स्वागत, मेन रोड पर लगा जाम

बैरागढ़ मेन रोड पर इस बार अनेक संस्थाओं ने चल समारोह का स्वागत किया। युवा हिंदू मंच की ओर से राम बंसल के नेतृत्व में मंच लगाया गया था। विधायक रामेश्वर शर्मा, राम बंसल, मनीष बागवानी, किशन अच्छानी, महिला नेत्री किरण वाधवानी, मुस्कान हीरानंदानी, सूरज यादव एवं कमल वीधानी ने यहां की समितियों को पुरस्कार प्रदान किए। सिन्धु सेना ने भी चल समारोह का स्वागत किया। सिन्धु सेना के जिला अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, सुमित आहूजा सहित बड़ी संख्या में युवा मंच पर मौजूद थे। चल समारोह के दौरान चंचल रोड से कालका चौक तक जाम की स्थिति रही। देर रात को एक एम्बुलेंस जाम में फंस गई जिसे पुलिस ने बाईपास करवाया। जाम को देखते हुए पुलिस ने आम वाहनों की आवाज बीआरटीएस रोड से करवाई इससे कुछ राहत मिली लेकिन भोपाल से इंदौर जाने वालों को जाम में फंसना ही पड़ा।



## अनंत चतुर्दशी कथा का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे बेंगलुरु-** स्थित मुडलपाल्या में प्रवासी राजस्थानी की ओर से शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी कथा श्रवण का कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य तथा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अनंत चतुर्दशी



उद्यापन के यजमान किशोर सिंह,उम्मेद सिंह राजपुरोहित बिकरलाई ने हवन में आहुतियां दी द्य इसके बाद हरि विष्णु के अनंत स्वरूप की तस्वीर के समक्ष पूजन कर कथा का श्रवण किया द्य कथा वाचक पंडित महेंद्र श्रीमाली ने कथा का श्रवण कराया द्य इस दौरान व्रत धारियों ने कथा श्रवण के साथ मंत्रों का जाप किया द्य इससे पूर्व गुरुवार रात्रि जागरण का आयोजन भी किया गया द्य जागरण में गायकों ने भजनों के माध्यम से अनंत भगवान की व्याख्या की द्य इस दौरान कान सिंह धर्मधारी, मोती सिंह मोहराई,श्याम सिंह विंगरला, समाजसेवी बनूर डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित,राजेश सिंह रामासनी बाला(हिंगोला) मोतीसिंह (शुभदण्ड )सज्जन सिंह आकड़ावास, ढगल सिंह मोहराई, रेवंत सिंह करमावास, सुरेंद्र सिंह निम्बेड़ा,भोपाल सिंह आकड़ावास,भागीरथ सिंह आकड़ावास,जगदीश सिंह बिकरलाई,चंद्र सिंह बिकरलाई, मुकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे

## पूर्व मंत्री यादवेंद्र सिंह बुंदेला एवं नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक का स्वागत सत्कार का दौर जारी, टीपू खान द्वारा तुला दान कर किया गया सम्मान



**संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार टीकमगढ़।** पूर्व मंत्री यादवेंद्र सिंह बुंदेला के काफी दिनों बाद नगर आगमन पर जहां उनके समर्थकों द्वारा भारी संख्या में विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत और सम्मान किया गया था वह दौर अभी भी जारी बना हुआ है एवं नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार के अध्यक्ष बनते ही नगर में विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत का दौर जारी बना हुआ है और इसी के चलते आज शहर के वार्ड नंबर 27 ख्वाजा नगर कॉलोनी में टीपू खान ब उनके साथियों द्वारा पूर्व मंत्री यादवेंद्र सिंह एवं अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक का फलों से तुला दान कर उनका सम्मान किया और उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान उनके टीपू खान वा काफी संख्या में समर्थक मौजूद रहे

# आत्महत्या रोकथाम रणनीति को लेकर मंत्री श्री सारंग ने बनाई टास्क फोर्स

### रणनीति निर्धारण के लिए उप समितियाँ 2 माह में करेगी प्रस्तुत रिपोर्ट

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि आत्महत्या रोकथाम रणनीति को लेकर इस बात पर जोर दिया गया कि इस रणनीति को तैयार करने के साथ आत्महत्या के रोकथाम को जन-आंदोलन के रूप में आगे ले जाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें सामाजिक संगठनों, शिक्षा संस्थानों, विश्वविद्यालयों, संगठित-असंगठित क्षेत्र तथा उद्योग क्षेत्रों के प्रमुखों को शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।

मंत्री श्री सारंग ने उच्च स्तरीय बैठक के साथ मीडिया को बताया कि जल्द ही मध्यप्रदेश का चिकित्सा शिक्षा विभाग आत्महत्या रोकथाम की रणनीति तैयार करेगा। इसको लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। श्री सारंग ने कहा कि निश्चित रूप से पूरी दुनिया के सामने आत्महत्या की रोकथाम करना एक बड़ी चुनौती है। वर्तमान में समाज के विभिन्न वर्गों में आत्महत्या के प्रकरण बहुत तीव्र गति से बढ़ रहे हैं।



उन्होंने कहा कि इस वैश्विक समस्या को लेकर बहस छिड़ी हुई है, जिसको लेकर समाज के हर वर्ग को ध्यान में रख कर कार्य करना जरूरी है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि आत्महत्या रोकथाम रणनीति का एक विस्तृत डॉक्यूमेंट तैयार करने में इस समस्या के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया जाएगा, जो सामाजिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए आगे आने वाले समय में इसकी रोकथाम के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आत्महत्या रोकथाम रणनीति बनाने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बनने जा रहा है।

**देश के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक होंगे टास्क फोर्स का हिस्सा:** मंत्री श्री सारंग ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस निमित्त एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है, जिसमें देश के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक, कानूनी जानकार, समाज के विभिन्न पहलुओं में काम करने वाले विशिष्ट नागरिक शामिल है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की पूर्व संध्या पर हुई बैठक में निर्णय किया गया कि आत्महत्या रोकथाम रणनीति के विभिन्न आयामों को उल्लेखित करते हुए उप समितियों का गठन किया जाएगा। यह समितियाँ विभिन्न स्तर पर चर्चा कर अपने विचारों को समाहित करते हुए 2 माह में अपनी रिपोर्ट देगी। इसके संकलन के बाद संपूर्ण दस्तावेज को अंतिम स्वरूप दिया जाएगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि निश्चित रूप से राज्य सरकार का यह अभिनव कदम और नवाचार है, इससे समाज में फैल रही इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए निश्चित रूप से मदद मिलेगी। विशेषज्ञों को शामिल कर राज्य सरकार ने इस समस्या के निदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि वर्तमान में लोग केरियर, परिवार और शिक्षा आदि में मानसिक दबाव के कारण आत्महत्या जैसा कदम उठाते हैं। इसको रोकने के लिये ठोस पहल की जाना आज की आवश्यकता है।

# ग्वालियर पुलिस ने किया अंधेकत्ल का पर्दाफाश, महिला के साथ दुष्कर्म कर नृशंस हत्या करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** थाना थाटीपुर क्षेत्रांर्तगत भीमनगर में मिले अज्ञात महिला के शव की सनसनीखेज वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे द्वारा स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डौतिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे को थाना थाटीपुर पुलिस बल की टीम बनाकर उक्त अज्ञात महिला की शिनाख्त कर नृशंस हत्या की वारदात में संलिप्त आरोपियों की पतारसी कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। दौराने जांच पुलिस को ज्ञात हुआ कि उक्त मृतक महिला का नाम चतुरो बाई है एवं वह भीमनगर में अपने दो बेटों के साथ रहती है। थाना पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच पर से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आसपास के इलाकों में पूछताछ प्रारंभ की गई। घटना दिनांक को ही पुलिस टीम द्वारा आसपास रह रहे लोगों के संबंध मे जानकारी ली गई तो एक मकान बंद मिला, जिसे खोलकर देखा गया तो कमरे के अंदर



खून ही खून डाला हुआ मिला तथा खून लगा हुआ एक डण्डा पुलिस को मिला। जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा उक्त मकान में रहने वाले व्यक्ति की तलाश की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्ति घटना दिनांक से अपने घर से गायब है। दिनांक 09.09.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त महिला की हत्या का संदेही दतिया में अपनी ससुराल में छिपा हुआ है। उक्त सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) को थाना बल की टीम भेजकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के परिपालन नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाटीपुर द्वारा थाना बल की टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक करते हुए उक्त संदेही को हिरासत में लेने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर एक संदिग्ध व्यक्ति मिला, जिसे हिरासत में लिया जाकर उससे विधिवत पूछताछ की गई। जिसमें उसके द्वारा उक्त महिला के साथ गलत काम कर उसकी हत्या किया जाना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में उक्त संदेही ने बताया कि मृतिका चतुरो बाई का शव पुलिस को जिस स्थान से मिला था उसका घर उसी के पास है। मृतिका की बेटी उसके घर के पास ही रहती है जिससे मिलने के लिये उक्त महिला अक्सर यहां आती रहती थी। हत्या वाले दिन भी महिला अपनी बेटी से मिलने आई हुई थी। कमर में दर्द के चलते वह मेरे घर के सामने आकर बैठ गई व मुझसे कहा कि ''अगर तुमको चुर्रा ठीक करना आता हो तो मेरा दर्द ठीक कर दो'' इस पर से मैने महिला को घर में अंदर बुलाकर उसके कमर की मालिश करना प्रारंभ कर दी। कुछ समय बाद मेरी नीयत खराब होने पर मैने महिला के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की, महिला के विरोध करने पर मैने उसके हाथ-पैर बांध दिये व मुंह में कपड़ा ठूंस कर डंडों व पत्थर से उसके सिर पर वार किया। महिला के बेहोश हो जाने पर मैने महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मैं महिला को बंधा छोड़कर फेरी लगाने बाहर चला गया। वापस आकर मैने खाना खाया और रात्रि में मौका देखकर महिला के शव को घर के बाहर फैंक आया। पुलिस के आ जाने पर संदेह होने से बचने के लिये में घटनास्थल पर लोगों के साथ मौजूद भी रहा। पुलिस पूछताछ को देखकर मैं वहां से भागकर अपनी ससुराल दतिया आकर छिप गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही को थाना लाया जाकर उसे हत्या के प्रकरण में विधिवत् गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये संदेही की निशादेही पर पुलिस टीम द्वारा उसके घर से *हत्या में प्रयुक्त पत्थर व खून से सने हुए कपड़ों* को बरामद कर लिया गया है।

ज्ञात हो कि दिनांक 05.09.22 को भीमनगर में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना थाना थाटीपुर पुलिस को प्राप्त हुई उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी द्वारा उक्त घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए घटनास्थल पर पंहुचकर महिला की शिनाख्तगी हेतु कार्यवाही प्रारंभ कर दी। आस-पास की गई पूछताछ में पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि उक्त शव भीमनगर निवासी महिला चतुरो बाई का है जिस पर से थाना थाटीपुर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**मुख्य भूमिकाः** उनि आनंद कुमार, आकाश सिंह तोमर, यतेन्द्र राणा, रणजीत गुर्जर।

### सराहनीय भूमिकाः

उक्त फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी थाटीपुर निरी0 श्री पंकज त्यागी, बलराम मांझी, प्रआर0 राजेश सिकरवार, बेताल यादव, अजय गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# ग्वालियर पहुंचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया मिले, एयरबस यात्रियों से

### विमानतल पर एयरबस से नई दिल्ली जा रहे यात्रियों से की सौजन्य भेंट

### वन्य प्राणी कोरीडोर से ग्वालियर-चंबल अंचल में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे - श्री सिंधिया

ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का तीन दिवसीय प्रवास पर शनिवार को ग्वालियर आगमन हुआ। नई दिल्ली से ग्वालियर के बीच गत 8 अगस्त से शुरू हुई इंडिगो की एयरबस से केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचे।

विमानतल पर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी तथा ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने श्री सिंधिया की अगवानी की।



ग्वालियर विमानतल पर पहुँचने के बाद केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने एयरबस से नई दिल्ली के सफर पर जा रहे यात्रियों से भेंट की और उनका स्वागत किया। साथ ही कहा कि ग्वालियर को जल्द ही हवाई सेवा विस्तार के क्षेत्र में और नई सौगात मिलेगी। श्री सिंधिया के साथ इस एयरबस से 116 यात्री नई दिल्ली से ग्वालियर आए। ग्वालियर से इस एयरबस से नई दिल्ली के लिए शनिवार को 144 यात्री रवाना हुए।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने विमानतल पर चर्चा के दौरान कहा कि ग्वालियर-चंबल अंचल के लिए आगामी 17 सितम्बर का दिन स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिवस पर श्योपुर जिले में स्थित पालपुर-कूनो अभ्यारण्य को अफ्रीका के नामीबिया से आ रहे चीते सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि चीतों का यह विस्थापन अपने देश के लिये ही नहीं समूची दुनिया के लिये ऐतिहासिक अवसर है। साथ ही कहा कि माधव नेशनल पार्क शिवपुरी में भी टाईगर लाने की एनओसी मिल चुकी है।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि पालपुर-कूनों अभ्यारण्य में चीतों का प्रवास होगा और माधव नेशनल पार्क में जल्द ही टाईगर दिखाई देंगे। इससे राजस्थान के रणथम्भौर नेशनल पार्क से लेकर अपने प्रदेश के पालपुर-कूनों अभ्यारण्य, माधव नेशनल पार्क और पन्ना नेशनल पार्क तक एक वन्य प्राणी कोरीडोर मूर्तरूप लेगा। इससे वन पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जाहिर है ग्वालियर-चंबल अंचल सहित सम्पूर्ण प्रदेश के विकास में नए आयाम स्थापित होंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे व अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित गढ़पाले सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# राशन वितरण में देरी बर्दास्त नहीं, होगी सख्त कार्रवाई : सिलावट

### प्रभारी मंत्री सिलावट ने की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा



ग्वालियर । भण्डारण न होने के कारण यदि शासकीय उचित मूल्य की दुकान से किसी पात्र परिवार को खाद्यान्न मिलने में देरी हुई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसलिए हर माह अन्न उत्सव की तिथि से पहले जिले की सभी उचित मूल्य की दुकानों पर राशन का भण्डारण सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा के दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को दिए।

शनिवार को यहाँ व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार में आयोजित हुई बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने जिले की कुछ उचित मूल्य की दुकानों पर पर्याप्त राशन भण्डारण न होने से उपभोक्ताओं को राशन मिलने में आ रही दिक्कत पर नाराजगी जताई। उन्होंने नागरिक आपूर्ति के जिला प्रबंधक को एक सप्ताह के भीतर सभी उचित मूल्य की दुकानों पर शत-प्रतिशत दुकानों पर खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री सिलावट ने महाप्रबंधक सीसीबी और सहायक आयुक्त सहकारिता को निर्देश दिए हैं कि हर माह की 31 तारीख तक आगामी माह के आवंटन के अनुसार नागरिक आपूर्ति निगम के खाते में राशि आवश्यक रूप से जमा कराई जाए, जिससे खाद्यान्न भण्डारण में दिक्कत न हो।

बैठक में अपर कलेक्टर एच बी शर्मा, जिला आपूर्ति नियंत्रक पाण्डेय तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम संजय सक्सेना सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### परिवारों की खाद्यान्न पर्ची बनवाएँ

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्वालियर शहर में जोन स्तर पर विशेष शिविर लगाकर पात्र परिवारों को खाद्यान्न पर्ची उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए। इस काम को पूरी गंभीरता के साथ अंजाम दें।

### संजीवनी क्लीनिक पहुँचे , मरीजों का पुष्पों से किया स्वागत

जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट शनिवार को शहर के वार्ड-1 के अंतर्गत ध्रुपद केन्द्र हस्सू-हद्दू खाँ के समीप स्थित संजीवनी स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के लिये पहुँचे। उन्होंने संजीवनी क्लीनिक में इलाज कराने आए मरीजों का पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही संजीवनी के माध्यम से सरकार द्वारा मुहैया कराई जा रहीं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि संजीवनी क्लीनिक परिसर में पेयजल के लिये आरओ लगवाएँ। साथ ही प्रतीक्षा कक्ष में अतिरिक्त पंखे लगवाए जाएँ। साथ ही कहा कि संजीवनी क्लीनिक के माध्यम से सरकार की मंशा के अनुरूप मरीजों को 45 प्रकार की जाँच की सुविधा अवश्य मुहैया कराई जाएँ। इस दौरान उन्होंने मरीजों के साथ-साथ संजीवनी क्लीनिक में पदस्थ चिकित्सकों व पैरामेडीकल स्टाफ की भी समस्यायें व कठिनाईयाँ भी सुनीं। संजीवनी क्लीनिक में इलाज कराने आए मरीजों ने यहाँ की सेवाओं की तारीफ की।

# अंधेकत्ल का पर्दाफाश : महिला के साथ दुष्कर्म कर नृशंस हत्या करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

ग्वालियर । थाना थाटीपुर क्षेत्रांर्तगत भीमनगर में मिले अज्ञात महिला के शव की सनसनीखेज वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर एडीशनल एसपी राजेश डण्डौतिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक मुरार ऋषिकेश मीणा को थाना थाटीपुर पुलिस बल की टीम बनाकर उक्त अज्ञात महिला की शिनाख्त कर नृशंस हत्या की वारदात में संलिप्त आरोपियों की पतारसी कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। दौराने जांच पुलिस को ज्ञात हुआ कि उक्त मृतक महिला का नाम चतुरो बाई है एवं वह भीमनगर में अपने दो बेटों के साथ रहती है।



थाना पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच पर से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आसपास के इलाकों में पूछताछ प्रारंभ की गई। घटना दिनांक को ही पुलिस टीम द्वारा आसपास रह रहे लोगों के संबंध मे जानकारी ली गई तो एक मकान बंद मिला, जिसे खोलकर देखा गया तो कमरे के अंदर खून ही खून डाला हुआ मिला तथा खून लगा हुआ एक डण्डा पुलिस को मिला। जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा उक्त मकान में रहने वाले व्यक्ति की तलाश की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्ति घटना दिनांक से अपने घर से गायब है। कल पुलिस अधीक्षक को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त महिला की हत्या का संदेही दतिया में अपनी ससुराल में छिपा हुआ है। उक्त सूचना पर से पुलिस अधीक्षक द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) को थाना बल की टीम भेजकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के परिपालन नगर पुलिस अधीक्षक मुरार ऋषिकेश मीणा के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाटीपुर द्वारा थाना बल की टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक करते हुए उक्त संदेही को हिरासत में लेने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर एक संदिग्ध व्यक्ति मिला, जिसे हिरासत में लिया जाकर उससे विधिवत पूछताछ की गई। जिसमें उसके द्वारा उक्त महिला के साथ गलत काम कर उसकी हत्या किया जाना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में उक्त संदेही ने बताया कि मृतिका चतुरो बाई का शव पुलिस को जिस स्थान से मिला था उसका घर उसी के पास है। मृतिका की बेटी उसके घर के पास ही रहती है जिससे मिलने के लिये उक्त महिला अक्सर यहां आती रहती थी। हत्या वाले दिन भी महिला अपनी बेटी से मिलने आई हुई थी। कमर में दर्द के चलते वह मेरे घर के सामने आकर बैठ गई व मुझसे कहा कि ''अगर तुमको चुर्रा ठीक करना आता हो तो मेरा दर्द ठीक कर दो'' इस पर से मैने महिला को घर में अंदर बुलाकर उसके कमर की मालिश करना प्रारंभ कर दी। कुछ समय बाद मेरी नीयत खराब होने पर मैने महिला के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की, महिला के विरोध करने पर मैने उसके हाथ-पैर बांध दिये व मुंह में कपड़ा ठूंस कर डंडों व पत्थर से उसके सिर पर वार किया। महिला के बेहोश हो जाने पर मैने महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मैं महिला को बंधा छोड़कर फेरी लगाने बाहर चला गया। वापस आकर मैने खाना खाया और रात्रि में मौका देखकर महिला के शव को घर के बाहर फेंक आया। पुलिस के आ जाने पर संदेह होने से बचने के लिये में घटनास्थल पर लोगों के साथ मौजूद भी रहा। पुलिस पूछताछ को देखकर मैं वहां से भागकर अपनी ससुराल दतिया आकर छिप गया।

# दद्दा चले गए हमाये पास कछू नहीं बचो

### चिंता मत कर मेरे साथ चल जो में खाऊंगा वह तुझे खिलाऊंगा

### मजदूर पिता की मौत पर बेटा पूर्व विधायक से लिपटकर बिलख बिलखकर रोया



भितरवार। अब हमाये पास कछू नहीं बचो, दद्दा हमें छोड़कर चले गए अब हम कैसे जीएगें,किसके सहारे रहेगें पिता की मौत से दुखी बेटा यह कहते हुए पूर्व विधायक से बृजेन्द्र तिवारी से लिपटकर खूब रोया। जिस पर पूर्व विधायक ने पिता की मौत के बाद बेसहारा हुए पुत्र से कहा कि तूं किसी प्रकार की चिंता मत कर मेरे साथ चल जो में खाऊंगा वह तुझे खिलाऊंगा। गौरतलब है। कि 7 सितंबर को नगर के समीप स्थित गोहिंदा गांव में 60 वर्षीय मजदूर चंदन सिंह कुशवाह और 65 वर्षीय किसान मायाराम पटसारिया की करंट लगने से मौत हो गई थी। खेत पर उनके ऊपर टूटकर गिरे बिजली के तार से एक साथ हुई मजदूर और किसान की मौत पर पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं इस हृदयविदारक घटना की सूचना पर इन दिवंगतों के परिजनों के बीच जनप्रतिनिधि पहुँच रहे हैं। जिसके क्रम में बीते रोज शुक्रवार को पूर्व विधायक बृजेन्द्र तिवारी भी ग्राम गोहिंदा पहुँचे। जहां वे दिवंगत मजदूर चंदन सिंह कुशवाह के घर पहुँचे। उन्हें देखते ही मजदूर का पुत्र पूर्व विधायक श्री तिवारी से लिपटकर रोने लगा। काफी देर तक रोते बिलखते लिपटकर रो रहे मजदूर पुत्र ने पूर्व विधायक श्री तिवारी से कहा कि दद्दा चले गए, हम कैसे रहेंगे हमाये पास जमीन भी नहीं हैं। मजदूरी कर दद्दा हमें पाल रहे थे। अब कौन हमें संभालेगा।

### निधन पर शोक प्रकट किया

वहीं मजदूर पुत्र की इस दुखी भरी बात सुन पूर्व विधायक श्री तिवारी ने रुंधते गले से कहा कि बेटा किसी प्रकार की चिंता मत मेरे साथ चल जो में खाऊंगा वही तुझे खिलाऊंगा। वहीं इसके बाद पूर्व विधायक श्री तिवारी दिवगंत किसान मायाराम पटसारिया के घर पहुँचे।

# जू में मादा सफेद टाइगर के शावक का हुआ अंतिम संस्कार



ग्वालियर । गांधी प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में संरक्षित सफेद शेर (व्हाईट टाईगर) लव के मिलन से मादा मीरा द्वारा 1सितम्बर को 2 शावकों को जन्म दिया गया था जिसमें से एक मादा शावक सफेद (भवानी) जिसकी उम्र 01 वर्ष लगभग थी जिसकी गर्दन जन्मजात असमान्य थी, इस हेतु वरिष्ठ पशु चिकित्सकों डॉ. ए.बी. श्रीवास्तव, वन्य जीव फॉरेंसिक विभाग के पूर्व डायरेक्टर तथा मुकुंदपुर के वरिष्ठ पशु चिकित्सकाधिकारी डॉ. राजेष तोमर से उपचार हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किया जाकर ईलाज किया गया था। टाईगर माँ द्वारा लगभग 18 माह तक अपने शावकों की देखरेख स्वंय की जाती है चिड़ियाघर में भी शावक माँ के साथ ही रहते थे।

9 सितम्बर को प्रतिदिन की भांति शावक के साथ मादा मीरा हाउसिंग में बंद थी। दोपहर लगभग 04:00 बजे शावक के चिल्लाने पर कार्यरत एनीमल कीपर द्वारा अंदर जाकर देखा कि माँ मीरा (टाईगर) द्वारा अपने शावक को बुरी तरह जख्मी कर दिया था तथा शावक जिसका एक पैर लगभग टूटा हुआ था और जमीन पर तड़प रहा था तत्काल माँ को पृथक किया गया तथा एनीमल कीपर द्वारा सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। मादा शावक (भवानी) गंभीर तरह से घायल होने के कारण कुछ ही देर में हाउसिंग में ही मृत हो गई। वस्तुस्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुये परीक्षण हेतु पशु चिकित्सा सेवाओं से उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा द्वारा पशु चिकित्सकों का दल भेजा गया जिनके द्वारा उक्त घायल शावक की मृत्यु की पुष्टि की गई। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रॉटोकॉल के अन्तर्गत मृत्यु की सूचना वनसंरक्षक वृत ग्वालियर को प्रेषित की गई तथा प्राप्त निर्देषानुसार शव को डी-फ्रीजर में सुरक्षित रखा जाकर दिनांक 10.09.2022 को प्रातः 10:00 बजे शव परीक्षण की कार्यवाही निर्धारित करते हुये, प्रातः 11:00 बजे डी.एफ.ओ राजीव कौषल तथा रेंजर ऑफिसर एस.डी. शर्मा की उपस्थिति में दाहः संस्कार किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त नगर निगम मुकुल गुप्ता, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, पषु चिकित्सक डॉ. एल.आर. शर्मा, डॉ. सूर्यप्रकाष उपाध्याय तथा जी.एस शर्मा उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्राओं से मोबाइल लूटने वाले पकड़ाए

**सीसीटीवी फुटेज से हुई लुटेरों की पहचान, मुरैना से आकर ग्वालियर में करते थे वारदात**

ग्वालियर । ग्वालियर पुलिस ने दो बाइक सवार लुटेरों को पकड़ा है। इनमें से एक नाबालिग है। इन्होंने एक दिन पहले कोचिंग से घर लौट रही छात्रा पर झपट्टा मारा और मोबाइल लूट लिया था। घटना थाटीपुर कुम्हारपुरा पर हुई थी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी कराई, लेकिन बदमाश पुलिस के हाथ नहीं आए। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो लुटेरों के फुटेज मिल गए। तभी सूचना मिली कि मुरार इलाके में ऑफिस से घर जा रही युवती से बाइक सवार लुटेरों ने झपटा मारकर मोबाइल लूट लिया। इसके बाद पुलिस ने फुटेज से पहचान कर दोनों लुटेरों को पकड़ा है। यह मुरैना के रहने वाले हैं और हजीरा में रहकर यहां वारदात करते थे। न्यू कॉलोनी घोसीपुरा निवासी सत्रह वर्षीय नंदनी पाल पुत्री कैलाश पाल छात्रा है और थाटीपुर चौराहे के पास कोचिंग पढ़ने के लिए जाती है। कोचिंग से वह वापस घर जा रही थी और अभी नदी पुल कुम्हारपुरा पहुंची ही थी कि तभी पीछे से बगैर नंबर की बाइक से आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारा और उसके हाथ से मोबाइल झपट ले गए। घटना की शिकार पीड़िता ने शोर मचाया, लेकिन इससे पहले ही बदमाश बाइक को गति देकर भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी।

**युवती से मोबाइल लूटा**

मुरार थाना क्षेत्र के रामकला नगर निवासी 26 वर्षीय काजल वर्मा पुत्र रमेश वर्मा प्राइवेट जॉब करती है। रोजाना की तरह बीते रोज भी वह ड्यूटी करने गई थी और ड्यूटी करने के बाद वापस अपने घर जा रही थी, अभी वह रामकला नगर के करीब पहुंची थी कि तभी फल का ठेला देखकर घर कॉल लगाया कि कुछ लाना तो नहीं है। इसी बीच पीछे से आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारा और मोबाइल झपट ले गए। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

### रोटरी क्लब ग्वालियर का दायित्व ग्रहण समारोह आज

**केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया मुख्य अतिथि होंगे**

ग्वालियर । ग्वालियर के सबसे पुराने 75 वर्ष पूर्ण करने वाले रोटरी क्लब ग्वालियर का 76वां दायित्व ग्रहण समारोह 11 सितम्बर रविवार को चेम्बर भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय इस्पात एवं नागर विमानन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया होंगे। रोटरी क्लब ग्वालियर के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग, सचिव मयूर गर्ग ने बताया कि शाम 7 बजे 16 सदस्यीय वोट दायित्व ग्रहण करेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रातंपाल डॉ. वीरेन्द्र गंगवाल, पूर्व प्रांतपाल आर.एस. राठी, पूर्व प्रांतपाल भूपेन्द्र जैन एवं शहर के चारों सहायक प्रांतपाल रोटे. अरविन्द दूदावत, रोटे. नरेश जैन, रोटे. शशिकांत चतुर्वेदी, रोटे. तलविंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। रोटरी के सदस्यों में रोटे. राघव गुप्ता, रोटे. उर्वशी जैन, रोटे. राजीव जैन, रोटे. प्रदीप पाराशर, रोटे. उदित चतुर्वेदी, रोटे. पारसमल पारख, रोटे. तनुष्का पाराशर, रोटे. शरद मंगल, रोटे. रोहित जैन, रोटे. अनिल महेश्वरी, रोटे. राजेन्द्र मल्होत्रा, रोटे. राममोहन त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। क्लब अध्यक्ष राजकुमार गर्ग ने रोटरी क्लब सदस्यों को सपत्नीक आमंत्रित किया है एवं ग्वालियर के अन्य 13 क्लबों के प्रमुख रोटेरियन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### आत्मा साधना और त्याग से जुड़ा है पर्यूषण पर्वः विनय सागर

**मुनिश्री के सानिध्य में व्रतधारि तपस्वियों का कराया महापारणा,**



**नवदीक्षार्थी की हुई गोद भराई**

ग्वालियर। आत्म साधना और त्याग से जुड़ा एक ऐसा अनूठा पर्व पर्युषण महापर्व जिसे संपूर्ण जैन समाज महाकुंभ पर्व के रूप में मनाता है। संपूर्ण संसार में यही एक ऐसा तपस्या का पर्व है जिसमें आत्मरत होकर व्यक्ति आत्मार्थी बनता है व अलौकिक, आध्यात्मिक आनंद के शिखर पर आरोहण करता हुआ मोक्षगामी होने का सद्प्रयास करता है। यह विचार पर्यूषण पर्व के दौरान आज शनिवार को श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनामय वर्षायोग चातुर्मास समिति, पुलक मंच परिवार एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन कॉलेज के तत्वावधान में माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल आशियाना भवन में 10 दिवसीय व्रतधारियों के महापारणा एवं दीक्षार्थी की गोद भराई कार्यक्रम में संबोधित करते हुए की। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि पर्यूषण पर्व के दौरान 10 दिनों तक निर्जला व्रत, तेला एवं बेला रखने वाले महिला, पुरुष, बालिका आदि श्रावक श्राविकाओं तपस्वियों का मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य में उनके परिवार व रिस्तेदारो एवं चातुर्मास कमेटी ने अपने हाथों से कैर तथा गोंद का पानी, जल पिलाकर व मिष्ठान खिलाकर व्रत खुलवाकर महापारणा कराया।जैन समाज में मान्यता है कि उपवास करने वाले व्रतधारियों और तपस्वियों का पारणा कराने से भी पुण्य मिलता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478